राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 358
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 20 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न
पेज 4 थाना बरखेड़ा पुलिस ने गौकशी गिरोह का किया पर्दाफाश
पेज 6 रिंकू ने रणजी में एक और शतक लगाया, टेस्ट टीम में जगह के

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली का खान मार्केट दुनिया का 24वां सबसे महंगा इलाका

**नई दिल्ली।** दिल्ली का खान मार्केट सबसे महंगे खुदरा स्थानों की वैश्विक सूची में 24वें स्थान पर आ गया है। यहां का वार्षिक किराया 223 डॉलर प्रति वर्ग फुट है। पिछले वर्ष यह इलाका 23वें स्थान पर था। संपत्ति सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, लंदन का न्यू बांड स्ट्रीट दुनिया का सबसे महंगा खुदरा इलाका बन गया है, जिसका वार्षिक किराया 2,231 डालर प्रति वर्ग फुट है। इटली के मिलान में वाया मोंटे नेपोलियन ने अपना शीर्ष स्थान खो दिया है। यह 2,179 डॉलर प्रति वर्ग फुट के वार्षिक किराये के साथ विश्व में दूसरा सबसे महंगा इलाका बन गया है।

### पेड़ से टकराई सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की कार, तीन ट्रेनी की मौत

**नई दिल्ली।** तमिलनाडू के थूथुकुडी में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जहां तमिलनाडू के थूथुकुडी में तीन ट्रेनी डॉक्टरों की सड़क हादसे में मौत गई। तीनों डाक्टर थूथुकुडी सरकारी अस्पताल में ट्रेनी थे। वहीं, दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हैं। दरअसल, यह दर्दनाक सड़क हादसा आज तड़के 3 बजे हुआ। जब कार सवार पांच डॉक्टर न्यूपोर्ट बीच की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भयानक था कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही तीन डॉक्टरों ने दम तोड़ दिया।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- संसद हमारे फैसले नहीं पलट सकती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के ट्रिब्यूनल रिफॉर्म एक्ट 2021 के कई महत्वपूर्ण प्रावधानों को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि संसद मामूली बदलाव करके कोर्ट के फैसले को नहीं बदल सकती।

कोर्ट ने कहा कि सरकार ने वही प्रावधान कानून में फिर से डाल दिए, जिन्हें पहले भी कोर्ट ने खारिज किया था।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन ने बुधवार को 137 पेज का फैसला सुनाया। 11 नवंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

पूरा मामला 2020 से जुड़ा है। नवंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पांच साल तय किया था। सरकार 2021 में नया कानून ले आई और कार्यकाल चार साल कर दिया। इसके बाद मद्रास बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों

**बच्चों को गैस चैंबर में डालने के सवाल पर आदेश दिया; पॉल्यूशन पर हर महीने होगी सुनवाई**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए।

कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया।

अपराजिता सिंह ने कहा था कि, दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि, वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके।

इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में ग्रेप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को भत्ता/आर्थिक सहायता देने का भी आदेश दिया।

### सुप्रीम कोर्ट के 3 आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि ग्रेप-3 लागू होने के कारण बेरोजगार हुए कंस्ट्रक्शन मजदूरों को भत्ता/आर्थिक सहायता दी जाए।

राज्य वायु प्रदूषण कम करने के लिए आवश्यक रोकथाम उपाय लागू करें। कोर्ट ने निर्देश दिया कि इन उपायों की नियमित समीक्षा की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वायु प्रदूषण से जुड़ा मामला हर महीने लिस्ट किया जाए, ताकि इसकी लगातार निगरानी की जा सके।



# नीतीश का इस्तीफा, आज 10 वीं बार बनेंगे सीएम

**दोनों डिप्टी सीएम होंगे रिपीट; गांधी मैदान में समारोह, पीएम मोदी समेत 11 राज्यों के सीएम होंगे शामिल**

पटना। नीतीश कुमार गुरुवार को10 वीं बार मुख्यमंत्री बनने का नया रिकॉर्ड बनाएंगे। 9वीं बार मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं जयललिता और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह ने अधिकतम 6-6 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

नीतीश गांधी मैदान में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह पूर्वाह्न 11:30 बजे होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह



मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, एमडीए के तमाम बड़े नेता, 11 राज्यों के सीएम भी रहेंगे। समारोह के लिए 2 मंच बनाए गए हैं। साथ ही 150 मेहमानों को भी निमंत्रण भेजा गया।

### 12 बैठकों के बाद सम्राट व विजय का नाम तय

सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा के नेता व उपनेता बनने का ऐलान 12 बैठकों के बाद हुआ। ये बैठकें कुल 7 घंटे तक चलीं। भाजपा कार्यालय में बैठक सुबह 6 बजे से शुरू हुई। पहली बैठक में धमेंद्र प्रधान, केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिलीप जायसवाल, भीखू भाई दलसानिया, सुनील बंसल आदि थे।

इसमें नेता-उपनेता के लिए सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार, मंगल पांडेय का नाम आया। फिर डॉ. दिलीप जायसवाल ने मंत्रियों के साथ बैठक की।

उनको इन चार नामों में से चुनाव करने को कहा। उन्होंने इन चार नामों में से दो को चुनने की बात सांसद, विधायक व विधान पार्षदों से भी कही। सबने सम्राट व विजय का नाम चुना।

### पत्नी को गोली मारकर खुद को शूट किया

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट के नागेश्वर इलाके में 15 नवंबर को एक पति ने पत्नी को गोली मारकर हत्या कर सुसाइड कर लिया था। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिसमें हत्या और फिर सुसाइड की पूरी घटना साफ देखी जा सकती है। पत्नी के भतीजे से प्रेम प्रसंग थे, इसी बात को लेकर दोनों के बीच डेढ़ महीने से झगड़ा चल रहा था। मृतक लालजीभाई की बड़ी बहन ने बताया कि लालजी और त्रिशा की शादी करीब बीस साल पहले हुई थी और उनका 18 साल का एक बेटा भी है। डेढ़ महीने पहले लालजी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी त्रिशा और भतीजे विशाल को आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। इसके बाद त्रिशा घर छोड़कर अपनी दोस्त पूजा के साथ रहने लगी थी, जिससे परिवार में तनाव और बढ़ गया था। लालजी कई बार त्रिशा से वापस घर आने की गुहार लगा चुका था, लेकिन त्रिशा वापस घर आने तैयार नहीं थी।

# लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से भारत लाया गया

**पहली फोटो सामने आई; सलमान खान के घर फायरिंग, बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला के मर्डर का आरोप**

**मुंबई/नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर एनआईए ने कस्टडी में ले लिया और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां उसे 14 दिन की एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया।

अमेरिका से कुल 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया है, इनमें भारत के 3 लोग हैं। अनमोल के अलावा 2 लोग पंजाब के हैं। अभी इनके बारे में जानकारी नहीं मिली है।



गैंगस्टर अनमोल अप्रैल, 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में वांटेड आरोपी है। वह पिछले साल मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य आरोपी भी है।

अनमोल का नाम 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी सामने आया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनमोल को अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के कारण गिरफ्तार किया गया था।

वह भारत में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की वांटेड लिस्ट में है। एनआईए ने उस पर 10 लाख का इनाम भी घोषित किया था।



## हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...! पति- क्यों...? पत्नी- क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!, पति- मैं कुछ समझा नहीं...? पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और मेरे पांव भी दबाए...!



## शायरी

सैकड़ो परिंदे आसमान पर आज
नजर आने लगे,
बलदानियों ने दिखाई है राह उन्हें
आजादी से उड़ने की.

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,186.47
+513.45 (0.61%)
निफ्टी:
26,052.65
+142.60

## मौसम



अधिकतम : 25 डिग्री से0
न्यूनतम : 12 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 6 : 49
सूर्यास्त गुरुवार : 5 : 27

# छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर 7 नक्सली ढेर, 50 गिरफ्तार

**टेक शंकर भी मारा गया, देवजी के इनपुट पर निकली थी टीम; डोंगरगढ़ में जवान शहीद**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमा पर सुरक्षाबलों को लगातार दूसरे दिन नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है। बीते 48 घंटों में कुल 13 नक्सली मारे गए और 50 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बुधवार सुबह पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में माओवादी नेता टेक शंकर सहित 7 नक्सली मारे गए। मौके से एक एके-47 राइफल और



भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया है। मरने वालों में ज्योति उर्फ सरिता, सुरेश उर्फ रमेश, लोकेश उर्फ गणेश, सैने उर्फ वासु, अनीता और शम्मी शामिल हैं। ये सभी पहले जगरगुंडा-दक्षिण बस्तर क्षेत्र में एक्टिव थे। इसी दौरान आंध्र प्रदेश पुलिस ने काकीनाडा, कृष्णा, विजयवाड़ा और एएसआई जिले में चलाए गए अभियानों में 50 नक्सलियों को अरेस्ट किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दंडकारण्य क्षेत्र के अहम ऑपरेटिव-मदन्ना, मनीला, पोडियम रेंगु, सोड़ी लछु और उड्डे रघु जैसे नाम शामिल हैं। इन सभी से आगे की पूछताछ और कार्रवाई छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह नक्सली लीडर देवजी की मौजूदगी के इनपुट पर टीम सर्चिंग पर निकली थी।

### नक्सलियों की गोली से एमपी का इंस्पेक्टर शहीद

**बालाघाट।** बालाघाट में नक्सलियों से मुठभेड़ में हॉक फोर्स के इंस्पेक्टर आशीष शर्मा शहीद हो गए। उन्हें गोली लगी थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन डीजीपी पंकज श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की है। डीजीपी ने बताया कि बुधवार को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। तीनों राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के बोर तालाब के पास नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। पुलिस के पहुंचने पर नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। तीनों टीम को लीड कर रहे इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को गोली लग गई।

## राहुल के खिलाफ 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों का लेटर

**कहा- ईसी की छवि बिगाड़ रही कांग्रेस; राहुल वोट चोरी पर 3 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक ओपन लेटर जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। लेटर में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के सिग्नेचर हैं।

इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने ओपन लेटर में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है।

लेटर में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है।


दरअसल, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। उन्होंने आयोग को मोदी सरकार की 'बी टीम' भी कहा था। भाजपा के साथ वोट चोरी करने का आरोप लगाया था।

# सेना ने सेना के कॉम्बैट यूनिफॉर्म का पेटेंट कराया

**नकल करने पर जुर्माना लगेगा और केस चलेगा, जनवरी में लाया गया था**

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नए कोट कॉम्बैट के डिजाइन (डिजिटल प्रिंट) का पेटेंट करा लिया है। यह तीन-लेयर वाली यूनिफॉर्म सैनिकों के लिए हर मौसम में आरामदायक है। यानी कोई बिना सेना की अनुमति के इस डिजाइन का यूनिफॉर्म न तो बना सकेगा न बेच सकेगा व उपयोग कर सकेगा। ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई और जुर्माना होगा। इस नए कोट कॉम्बैट को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), दिल्ली ने आर्मी डिजाइन ब्यूरो के साथ तैयार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह यूनिफॉर्म एडवांस कपड़े और तकनीक से बना है। इसका एर्गोनॉमिक डिजाइन हर मौसम, हर परिस्थिति में आरामदायक है और मोबिलिटी पर असर नहीं डालता है।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी को 252 करोड़ के ड्रग्स मामले में समन भेजा गया



**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी को 252 करोड़ के ड्रग्स मामले में तलब किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने मुंबई पुलिस के हवाले से बताया कि ओरी को गुरुवार सुबह 10 बजे एंटी-नारकोटिक्स सेल की घाटकोपर यूनिट में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा गया है। मामला मार्च 2024 का है, जब पुलिस ने सांगली की एक फैक्ट्री से 126.14 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की थी। जिसकी कीमत लगभग 252 करोड़ थी।

# अल फलाह यूनिवर्सिटी के 10 लोग लापता

**दिल्ली ब्लास्ट सेल से जुड़े होने का शक**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला के पास हुए कार ब्लास्ट के बाद हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी एक बार फिर शक के घेरे में है। यूनिवर्सिटी से जुड़े 10 लोग दिल्ली ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। उनके फोन भी बंद है। एजेंसी को शक है कि ये सभी ब्लास्ट में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राउंड वर्कर का काम कर रहे थे।

वहीं जांच एजेंसियों ने खुलासा किया कि लाल किले के सामने विस्फोटक से भरी कार उड़ाने वाला




आतंकी डॉ. उमर नबी अपने जैसे कई और सुसाइडल बॉम्बर तैयार करने की साजिश रच रहा था। इसके लिए वह लगातार वीडियो बनाकर युवाओं को भेजता था, ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके।

**जमीन घोटाला** — आदिवासी संगठन बोले- संजय पाठक ने चार कर्मचारियों के नाम जमीनें खरीदी; चारों लापता, जान को खतरा

# भाजपा विधायक पर 1135 एकड़ जमीन घोटाले का आरोप

**कटनी।** कटनी के विजय राघवगढ़ से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक पर 1135 एकड़ जमीन खरीदी घोटाले के आरोप लगे हैं। ये आरोप आदिवासी कांग्रेस, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी समेत आदिवासी संगठनों ने लगाए हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में आदिवासी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिन आदिवासियों के नाम जमीनें खरीदी गईं, वे लापता है। उनकी सुरक्षा की मांग की है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार और भाजपा विधायक के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई।

### डिंडौरी जिले में खरीदी गई जमीन

प्रदर्शन करने पहुंचे दिव्यांशु मिश्रा ने बताया कि ये विरोध आदिवासी जमीन घोटाले के मामले में भाजपा विधायक पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया है।

मिश्रा का आरोप है कि विधायक ने अपने चार कर्मचारियों- नत्थू कोल, प्रहलाद कोल, राकेश सिंह गौड़, और रघुराज सिंह गौड़ के नाम पर डिंडौरी जिले में करीब 1135 एकड़ जमीन खरीदी है।

दिल्ली से आदिवासी आयोग ने संबंधित कलेक्टर्स से जमीनों के बारे में जानकारी मांगी है। आयोग ने कहा कि इन आदिवासियों के नाम पर जमीन कैसे और कब आई? कलेक्टर्स ने आज तक इसका जवाब नहीं दिया।



विजय राघवगढ़ से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री संजय सत्येंद्र पाठक

### जान को खतरा बताया, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

शिकायतकर्ता दिव्यांशु मिश्रा का आरोप है कि ये चारों आदिवासी, विधायक संजय पाठक के कर्मचारी हैं। शिकायत होने के बाद से वे अपने घर से लापता हैं। उन्होंने कटनी एसपी को लिखित शिकायत देते हुए उनकी जान को खतरा बताया था, लेकिन आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### पुलिस ने पीड़ितों के बयान तक नहीं लिए

एक अन्य आदिवासी कार्यकर्ता ने बताया कि कटनी कलेक्टर के समक्ष दिनांक 29 सितंबर को दस्तावेज के साथ शिकायत की गई थी। हालांकि, जिला प्रशासन ने आज तक पीड़ित चारों आदिवासी नत्थू कोल, प्रहलाद कोल, राकेश सिंह गौड़ और रघुराज सिंह गौड़ के बयान दर्ज नहीं किए।

शिकायत में यह भी कहा गया है कि जिला प्रशासन और जांच अधिकारी ने इन चारों आदिवासियों के बैंक खातों से पिछले 25 वर्षों में किए गए लेन-देन की जानकारी एकत्रित नहीं की। पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत 09 जून को की गई थी। शिकायतकर्ता दिव्यांशु मिश्रा के बयान 20 जून को लिए जा चुके हैं।

# संपादकीय

## फ़ेक एनकाउंटर : पुलिस की गोलियों से लोकतंत्र कितनी बार मरेगा?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### महान कवि दुष्यंत से अपनी बात शुरू करता हूँ –

हो गई है पीर पर्वत-सी, पिघलनी चाहिए,
इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।
सिर्फ़ हंगामा खड़ा करना मेरा मक़सद नहीं,
मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिए।

### जब न्याय की जगह बंदूक फैसला करने लगे

किसी भी सभ्य देश में न्याय अदालतें करती हैं, लेकिन आज भारत में एक खतरनाक चलन तेज़ी से बढ़ रहा है पुलिस अपना ट्रायल खुद कर रही है, फैसला खुद सुना रही है और सजा भी खुद दे रही है। यही 'एनकाउंटर कल्चर' है — और इसका नया चेहरा है फ़ेक, फ़र्ज़ी और स्टेज्ड मुठभेड़। जहाँ संदिग्ध को अपराधी मानकर, बिना सुनवाई के, सीधे मौत का परवाना दे दिया जाता है।

### सवाल यह है ?

क्या भारत में इंसाफ़ अब पुलिस की गोलियों से तय होगा ?
क्या संविधान अब सिर्फ किताबों में बाकी रहेगा ?

### इस मोड़ पर फ़ैज़ साहब की पंक्तियाँ याद आती हैं –

'नमक-फरोशों ने जब वफ़ा की दुहाई दी,
हुक्मरानों ने हर क़त्ल को 'क़ानून' बताया।'

### जब एनकाउंटर 'न्याय' नहीं बल्कि 'नौटंकी' बन जाए

एनकाउंटर कभी अपवाद थे, अब राजनीति का हथियार बन चुके हैं।
कुछ राज्यों में सरकारें इसे 'सफलता' की तरह बेचती हैं :
'अपराधी भाग गया, हमने मार गिराया।'
बस यही एक लाइन और पूरा सिस्टम चुप।

### लेकिन सच क्या है?

एनकाउंटर से पहले थाने में किसने क्या सौदा किया ?
किसने कहा किसे मारना है और किसे बचाना है ?
किस पार्टी के नेता को बचाने के लिए किसे गोली दी गई ?
कौन-सी ज़मीन, कौन-सा ठेका, कौन-सा विवाद था जिसके पीछे मौत लिखी गई ?

### असलियत यह है

हर फ़र्ज़ी एनकाउंटर 'मर्डर' है, जिसमें वर्दी हत्या करती है और सरकार ताली बजाती है।

### एनएचआरसी, सुप्रीम कोर्ट और कानून के ये सब काग़ज़ पर रह गए

**सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में साफ कहा था :**
हर एनकाउंटर की स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।
लेकिन कितनों की हुई ?
कितनों की सच्चाई सामने आई ?

### एनएचआरसी ने बार-बार चेताया:

'एनकाउंटर उपलब्धि नहीं, असफलता का प्रमाण है।'
पर राजनीतिक पार्टियाँ इसे चुनावी जश्न की तरह बेचती हैं
'देखो, अपराधियों को मार गिराया!'
कानून मर जाता है, संविधान रोता है।

### सबसे बड़ा सवाल किसके लिए यह मौतें?

पुलिस किसे गोली देती है ?
☞ गरीब
☞ दलित
☞ पिछड़ा
☞ मुसलमान
☞ आदिवासी
☞ मज़दूर
☞ किसान
☞ राजनीतिक विरोधी
अमीर, रसूख़दार, मंत्री-संतरी, बिल्डर-माफ़िया
इनके एनकाउंटर कभी नहीं होते।
यह कैसा न्याय है जिसमें
गरीब की लाश ही 'कानून व्यवस्था' बन जाती है
और सत्ता तालियाँ बजाती है ?

### एनकाउंटर का असली खेल – डर नहीं, धंधा है

सच बताइए:
'एनकाउंटर' के नाम पर कितने थाने रोज़ लाखों कमा रहे हैं ?
किस पुलिस अधिकारी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का खेल इस मॉडल पर चलता है ?
कौन नेता किसे फोन कर कहता है — 'इसको निपटा दो' ?
एनकाउंटर अब न्याय नहीं,
एक कारोबार है —
जहाँ मौत की कीमत तय होती है, और गोली गरीब को मिलती है।
लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा
जब पुलिस किसी भी आरोपित को 'भागने की कोशिश'
दिखाकर मार दे —

### तो समझिए

अगली बार यह गोली किसी आंदोलनकारी किसान को भी लग सकती है।
किसी दलित छात्र को भी।
किसी पत्रकार को भी।
किसी निर्दोष नागरिक को भी।

### एक बार भी फ़र्ज़ी एनकाउंटर को वैधता मिल गई –

तो पूरी व्यवस्था 'जज -जूरी-एक्ज़ीक्यूशनर' बन जाती है।
और यह लोकतंत्र नहीं, तानाशाही है।
अंत में — इंसाफ़ की मांग, राजनीति का नहीं

### हमारा रुख साफ़ है :

जो अपराधी है, उसे सज़ा अदालत में मिले।
जो निर्दोष है, उसे पुलिस बुलेट नहीं, संविधान की सुरक्षा मिले।
एनकाउंटर के नाम पर सरकारें तालियाँ बजाकर जनता को बेवक़ूफ़ बनाती रहें

### इसलिए पत्रकार का कर्तव्य है कि वह पूछे :

'सबूत कहाँ हैं ? स्नद्ध्क्रक्यों नहीं ? कोर्ट क्यों नहीं ?
क्यों 'भागने' की कहानी हर केस में एक जैसी है ?'
क्योंकि सच यह है —
फ़र्ज़ी एनकाउंटर कभी अपराधियों को नहीं,
हमारी न्याय-व्यवस्था को मारते हैं।

# नक्सलवाद पर बड़ा प्रहार एक नई सुबह की आहट

-ललित गर्ग-



नक्सलवाद अपने अंतिम दौर में है और यह बड़ी उपलब्धि एवं परिवर्तन आकस्मिक नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सुनियोजित, कठोर और व्यापक रणनीतियों का परिणाम है। वर्षों से जिस समस्या ने भारत के हृदयस्थल को रक्तरंजित किया था, जिस विचारधारा ने दशकों तक विकास, सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं को बंधक बनाए रखा था, वह अब लगभग समाप्ति की कगार पर पहुँच चुकी है। इसका सबसे बड़ा और हालिया प्रमाण है देश के सबसे खतरनाक, खूंखार और रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण माओवादी कमांडर माड़वी हिड़मा का खात्मा, एक ऐसा नाम जिसके आतंक ने न सिर्फ सुरक्षा बलों बल्कि पूरे तंत्र को लंबे समय तक चुनौती दी। सुकमा क्षेत्र में जन्मा हिड़मा, सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था और पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की बटालियन-1 का प्रमुख। उसकी मौजूदगी मात्र से बड़े-बड़े हमले अंजाम दिए जाते थे। 2010 का दंतेवाड़ा हो या फिर 2013 का झीरम घाटी हमला, पिछले 20 बरसों में हुए लगभग सभी बड़े नक्सली हमलों के पीछे हिडमा का हाथ माना जाता है। उसने लंबे अरसे तक दंडकारण्य में आतंक का राज कायम रखा। दरभा घाटी नरसंहार तक, सुरक्षा बलों के कई घातक ऑपरेशनों का गुनाहगार हिड़मा रहा। उसकी धमक इतनी थी कि उसके सिर पर 50 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक का इनाम घोषित था। लेकिन 18 नवंबर 2025 को सुरक्षा बलों के एक अत्यंत सटीक और साहसपूर्ण अभियान में हिड़मा और उसकी पत्नी राजे सहित छह माओवादी ढेर हुए।

मौके से मिली एके-47, पिस्टल, राइफलें और अन्य हथियार यह प्रमाणित करते हैं कि यह ऑपरेशन नक्सलवाद की रीढ़ पर निर्णायक प्रहार है। हिड़मा का अंत प्रतीकात्मक ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी एक ऐसा क्षण है जिसने नक्सली नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। लंबे समय से 'लाल गलियारा' कहे जाने वाले क्षेत्र की गतिविधियाँ जिस तेजी से सिकुड़ रही हैं, वह दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने सुरक्षा और विकास दोनों मोर्चों पर जिस दोहरी रणनीति को अपनाया है, उसने वास्तविक जमीन पर असर दिखाया है। मार्च 2026 तक 'नक्सलमुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत इस साल 300 नक्सली मारे गए, सैकड़ों गिरफ्तार हुए और आत्मसमर्पण किया-यह आँकड़े बताते हैं कि नक्सलवाद अब अपनी वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति खो चुका है। हाल ही में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में दो दिनों में सैकडों नक्सलियों का आत्मसमर्पण होना यह दर्शाता है कि नक्सल संगठन अब अपने आधार क्षेत्रों में भी समर्थन खो रहा है, और आदिवासी समाज धीरे-धीरे सरकारी विकास योजनाओं की ओर बढ़ रहा है। इसी परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है हिड़मा का खात्मा, जिसने माओवादी कमान में एक ऐसा शून्य पैदा कर दिया है, जिसकी भरपाई उनके लिए आसान नहीं होगी।

आतंकवाद की तरह ही नक्सलवाद भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक दीर्घकालिक, गहरी और जटिल चुनौती रहा है। जिस तरह सीमा पार से आने वाला आतंकवाद देश की शांति, विकास और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा बना हुआ था, उसी तरह भीतर से जन्मा नक्सलवाद राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करता रहा। दशकों तक यह समस्या न सिर्फ कुछ राज्यों के लिए, बल्कि पूरे भारत के लिए चिंता और असुरक्षा का कारण रही। लेकिन अब जिस निर्णायक मोड़ पर देश खड़ा है, वह यह संकेत देता है कि नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। हाल के वर्षों में लगातार मिल रही सफलताएँ, शीर्ष नक्सली कमांडरों का सफाया, व्यापक आत्मसमर्पण, और प्रभावित क्षेत्रों में तेज विकास-ये सभी इस तथ्य को सिद्ध करते हैं कि देश एक नई सुबह की ओर बढ़ रहा है। यह वह सुबह है जो भारत को भय, हिंसा और पिछड़ेपन से मुक्त कर, स्थायी शांति और तेज विकास की ओर ले जाती है।

नक्सलवाद की जड़ें स्वतंत्रता के बाद की सामाजिक-आर्थिक असमानताओं, भूमि अधिकारों और आदिवासी इलाकों की उपेक्षा में थीं। कई क्षेत्रों में विकास की रोशनी नहीं पहुँची थी, सरकारी योजनाएँ कागज़ों में रह जाती थीं, और स्थानीय समुदाय प्रशासन के प्रति अविश्वास से भरे हुए थे। इस वातावरण में नक्सली संगठनों को जमीन और जनसमर्थन मिला। उन्होंने वर्ग संघर्ष और हथियारबंद क्रांति के नाम पर हिंसा का मार्ग अपनाया, जंगलों को अपनी ढाल बनाया और आदिवासी युवाओं को अपने साथ जोड़ लिया। धीरे-धीरे यह आंदोलन एक साम्यवादी विचारधारा का रूप लेते हुए देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती बन गया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन अपनी मूल विचारधारा से हटकर आतंक, वसूली, शोषण और खून-खराबे का अड्डा बन गया। सुरक्षा बलों पर हमले, विकास कार्यों को बाधित करना, पुलों और स्कूलों को उड़ाना, आदिवासियों को ढाल बनाना, और सत्ता हासिल करने की लालसा-यह सब नक्सलवाद की असलियत बन गया। इस मानसिकता ने न सिर्फ राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती दी, बल्कि हजारों परिवारों को तबाह किया और लाखों लोगों के जीवन को भय से भर दिया। लेकिन मोदी एवं शाह के प्रयासों से न केवल नक्सलवाद के खात्मे की सफल लड़ाई लड़ी गयी बल्कि नक्सल क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को लागू किया गया। सड़क-बिजली-मोबाइल नेटवर्क जैसे क्षेत्रों में काफी काम हुआ है और इससे भी नक्सलियों की पकड़ कमजोर करने में मदद मिली है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि 2014 से अभी तक नक्सल प्रभावित इलाकों में 12 हजार किमी से ज्यादा सड़कें बनी है, बैंकों की हजार से ज्यादा शाखाएं खोली गई है और स्किल डिवेलपमेंट पर काम किया जा रहा है। इन समन्वित प्रयासों से ही नक्सली जड़ से उखड़ेंगे।

माड़वी हिड़मा जैसे अत्यंत खूंखार और रणनीतिक दिमाग वाले नेता का मारा जाना, नक्सलवाद की रीढ़ तोड़ने जैसा है। हिड़मा न सिर्फ नक्सलियों की सैन्य रणनीतियों का प्रमुख दिमाग था, बल्कि उसकी छवि ने वर्षों तक सुरक्षा बलों में चुनौती की भावना जगाई रखी।

नक्सलवाद के कमजोर होने में केवल सुरक्षा अभियानों की भूमिका नहीं है, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति सबसे महत्वपूर्ण रही है। जब सरकार ने स्पष्ट किया कि देश को नक्सलवाद मुक्त भारत बनाना है, तो उसके लिए बहु-स्तरीय रणनीति अपनाई गई। एक ओर सुरक्षा बलों को आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रशिक्षण और सटीक इंटेलिजेंस से मजबूत किया गया, वहीं दूसरी ओर सड़कें, स्कूल, अस्पताल, दूरसंचार और आजीविका कार्यक्रमों द्वारा विकास को तेज़ किया गया। विकास और सुरक्षा का यह संयुक्त प्रभाव नक्सलवाद की जड़ों को खोखला करने में निर्णायक सिद्ध हुआ है।

देश के सामने जो नई सुबह उभर रही है, उसका अर्थ सिर्फ यह नहीं कि बंदूकें शांत हो जाएँगी। इसका अर्थ यह भी है कि वे क्षेत्र, जो दशकों से पिछड़े थे, अब देश की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। वहाँ निवेश होगा, शिक्षा और स्वास्थ्य का ढांचा मजबूत होगा, पर्यटन और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, और लोग भय-मुक्त होकर जीवन जी पाएँगे। नक्सलवाद के पतन का संदेश यह भी है कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था किसी भी हिंसक विचारधारा से अधिक शक्तिशाली है। हथियार, भय और आतंक से सत्ता पाने का कोई भी प्रयास अंततः असफल होता है। जनता की आकांक्षाएँ सदैव विकास, सुरक्षा और शांति में होती हैं। नक्सली आंदोलन की जैसी समाप्ति दिख रही है, वह इस सत्य को और अधिक स्पष्ट करती है। नक्सलवाद की पूर्ण समाप्ति केवल बंदूक से नहीं होगी। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार विकास योजनाओं की निरंतरता बनाए रखे, आदिवासी समुदायों को सशक्त करे, स्थानीय संस्कृति और संसाधनों का सम्मान करे, और यह सुनिश्चित करे कि प्रशासनिक व्यवस्था पारदर्शी और संवेदनशील बने। यदि यह निरंतरता जारी रहती है, तो नक्सलवाद का पुनरुत्थान असंभव हो जाएगा। नक्सलवाद का लगभग खत्म होना भारत के लिए सिर्फ एक सुरक्षा उपलब्धि नहीं, बल्कि एक ऐतिहासिक मोड़ है।

यह उस संघर्ष का अंत है जिसमें हजारों जवानों ने बलिदान दिया, लाखों नागरिकों ने दशकों तक आतंक सहा, और देश ने विकास की गति रोककर भी सुरक्षा को प्राथमिकता दी। आज जब नक्सलवाद ढह रहा है, तब यह केवल सरकार की सफलता नहीं, बल्कि भारत की सामूहिक विजय है। यह एक नए भारत की सुबह है-शांत, सुरक्षित, विकासशील और आत्मविश्वासी। ऐसी सुबह जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रकाश से भर देगी।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3714

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3713 का हल

## लॉफिंग ज़ोन

मॉडर्न पत्नी की शराब की लत से परेशान एक पति उसे समझाने के इरादे से बोला- मान लो एक ड्रम में शराब और दूसरे में पानी भरकर रख दिया जाए और फिर किसी गधे को बुलाकर उससे पीने को कहा जाए तो वह दोनों में से क्या पिएगा?

पत्नी ने कहा- वह पानी ही पिएगा।

पति ने उलझाने की कोशिश करते हुए कहा- मगर वह पानी ही क्यों पीना चाहेगा?

□ □ □

पत्नी- तुम तो कह रहे थे कि इस ब्यूटी क्लिनिक में तुम्हें नौकरी मिल गई है। फिर तुम बाहर खड़े क्या कर रहे हो?

पति- यहाँ बाहर खड़ा रहना, भीतर जाने वाली नारियों की उपेक्षा करना, जब श्रृंगार कराकर बाहर निकले तो सीटी बजाना, यही तो मेरी नौकरी है।

□ □ □

रमन- हर छात्र के लिए आज की तारीख में इंटरनेट कई मायनों में उपयोगी और महत्वपूर्ण है!

नमन- जैसे?

रमन- ...जैसे हमें कई जानकारियाँ इंटरनेट के माध्यम से मिल जाती है।

नमन- और आजकल तो लीक होने के बाद पेपर भी ई-मेल पर आ जाते हैं।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3714

**बायें से दायें:-**

१. 'सारे शहर में आप सा कोई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'जब जब प्यार पे पहरा हुआ' गीत वाली की फिल्म-३
६. मिथुन, मधु, रंभा की 'तुम्हें हम बहुत प्यार करने लगे' गीत वाली फिल्म-३
७. 'तेरी प्यारी प्यारी' गीत वाली राजेंद्र कुमार, बी. सरोजादेवी की फिल्म-४
८. बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली फिल्म-३
९. राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
१४. 'सरकाय लेओ खटिया' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
१७. फिल्म 'शहीद' में नायिका ?-३
१८. 'आई बहार खिलते हैं दिल' गीत वाली सलमान, रेवती की फिल्म-२
२०. शशिकपूर, रेखा की 'जाने कैसे बीतेंगी ये बरसातें' अभिनीत फिल्म-३
२२. 'मच गया शोर सारी' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
२४. ऋषि, टीना की 'एक हसीना थी एक दीवाना था' गीतवाली फिल्म-२
२५. धर्मेन्द्र, मनोजकुमार, सायराबनो की फिल्म-२
२६. रणधीरकपूर, रेखा की 'हो देख तुझको दिल ने कहा' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'मैं नये जमाने की' गीत वाली अजय देवगन, रवीना की फिल्म-२
२८. अक्षयकुमार, रवीना टंडन की 'दीवाने हैं दीवानों से तू' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'आइये आ जाइये, आ ही जाइये' गीत वाली अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, मनीषा, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
३१. राजेश खन्ना, राखी, शर्मिला की 'नी मैं यार मनाना' गीत वाली फिल्म-२
३२. अमिताभ, जीनत की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बचपन की मोहब्बत को' गीत वाली भारतभूषण, मीना की फिल्म-२,३
२. सुनील दत्त, मीना की फिल्म-३
३. 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली कमल हासन, श्रीदेवी की फिल्म-३
४. लकी अली, मीरा की 'जाना है जाना है चलते ही' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मेरे सपनों की रानी कब' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-४
१०. नसीरूद्दीनशाह, शबाना की 'सीली हवा छू गई' गीत वाली फिल्म-३
११. 'ऐसी रंग दे पिया' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा मालिनी की फिल्म-२
१२. सनी, अमृता की 'ये मेरी जिंदगी बेजान लाश थी' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'ठहरो तो सही सोचो तो' गीत वाली गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-४
१५. 'एक लड़की बस गई' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'भोर आई गया अंधियारा' गीत वाली राजेश खन्ना, जया की फिल्म-३
१९. कमल सदाना, काजोल की 'जब ना माना दिल दीवाना' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आशायें खिलें दिल की' गीत वाली नसीर, श्रेयस, श्वेता की फिल्म-४
२३. अनिलकपूर, फरहा की 'पूछ रही है लड़की हैदराबादी' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'आपका खत मिला' गीत वाली जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
२९. संजयदत्त, अभिषेक, जायेदखान, ईशा देओल, राइमासेन, शिल्पा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3713

## सूडोकु -3714

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3713 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3714

**बाएँ से दाएँ**

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली - 3713 का हल

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सम्पन्न

## बीएलओ-बीएलए के कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा, राजनीतिक दलों ने दिए सुझाव, पारदर्शिता व शुद्धता पर जोर




**गौतमबुद्धनगर।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण तथा मतदेय स्थलों के पुनर्गठन को लेकर आज कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मेधा रूपम की अध्यक्षता में संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षों/सचिवों ने प्रतिभाग कर निर्वाचन कार्यों की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुरूप प्रगति पर है। इसके अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के शुद्धिकरण, नवीन मतदाताओं के नामांकन, प्रविष्टि संशोधन, मतदेय स्थलों के सम्भाजन, गणना प्रपत्रों का वितरण व संकलन तथा संशोधन प्रस्तावों की समीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मतदेय स्थलों के संभाजन कार्य के उपरांत मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। उन्होंने अवगत कराया कि पूर्व में 642 मतदान केंद्र संचालित थे, जिनकी संख्या में 101 की वृद्धि करते हुए अब कुल 743 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार 1868 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 156 नए मतदेय स्थल बढ़ाए जाने के बाद वर्तमान में कुल 2024 मतदेय स्थल सक्रिय हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे मतदेय स्थलों की पहचान कर उन्हें पुनर्संयोजित किया गया है, जिनमें मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक थी। इनका समायोजन उसी मतदान केंद्र पर स्थित दूसरे मतदेय स्थल में किया गया है। ऐसे पुनर्समायोजित मतदेय स्थलों की कुल संख्या 213 है।

उप निर्वाचन जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि नवसृजित बूथों में सभी वर्गों के मतदाताओं को संतुलित रूप से समायोजित किया गया है, ताकि प्रत्येक मतदाता को सुगमता एवं सुविधा के साथ मतदान संबंधी सेवाएं प्राप्त हो सकें।

बैठक में बीएलओ और बीएलए द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीएलओ-बीएलए दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण, गणना प्रपत्रों के अनुरूप विश्लेषण तथा नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन संबंधी प्रपत्रों के निस्तारण में पूर्ण गंभीरता व सक्रियता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि बीएलए नियुक्ति का उद्देश्य मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों का वास्तविक विश्लेषण सुनिश्चित करना है, इसलिए प्रत्येक बीएलए अपनी प्रतिवेदन रिपोर्ट समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं। जहां प्रगति असंतोषजनक पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बादलपुर में शक्ति संवाद कार्यक्रम आयोजित

## मा0 सदस्य ने ब्लॉक बिसरख के सभागार में जनसुनवाई कर, महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों को कराया अन्नप्राशन






**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला के नेतृत्व में आज जिले में महिला कल्याण और बाल सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम संपन्न हुए। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बादलपुर (दादरी) में आयोजित शक्ति संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं, अध्यापिकाओं और स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान माननीय सदस्य डॉ. भराला ने बालिकाओं को प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने महिला सुरक्षा से संबंधित महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर तथा अन्य सेवाओं की उपयोगिता पर विशेष प्रकाश डाला। अपने प्रभावशाली संबोधन में उन्होंने कहा कि बालिकाओं का आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जागरूकता ही सशक्तिकरण का पहला कदम है।

शक्ति संवाद कार्यक्रम के उपरांत माननीय सदस्य डॉ. भराला बिसरख ब्लॉक के सभागार पहुंचीं, जहाँ उन्होंने महिला जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने महिलाओं की शिकायतें ध्यानपूर्वक सुनीं और तत्काल प्रभाव से मौजूद अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए, ताकि समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित हो सके।

इस मौके पर उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित महिलाओं और बच्चों को आशीर्वचन देते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ मातृत्व और सुरक्षित बचपन समाज की प्रगति का आधार हैं।

कार्यक्रम में उपायुक्त पुलिस महिला सुरक्षा वैशाली गंगवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, सीडीपीओ इफ्तिखार अहमद खान, जिला दिव्यांगजन अधिकारी आशीष कुमार, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर नोएडा की प्रबंधक रिंकी रानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नोएडा में टेरर फंडिंग मामले में यूपी एटीएस की छापेमारी

## इस्तांबुल इंटरनेशनल पर दूसरी रेड, रिकॉर्ड-दस्तावेज खंगाले

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** यूपी एटीएस ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के कासना थाना क्षेत्र स्थित इस्तांबुल इंटरनेशनल कंपनी में एक बार फिर छापेमारी की। टीम ने मौके पर गहन जांच-पड़ताल की और सीसीटीवी फुटेज सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य कब्जे में लिए।

यह कार्रवाई टेरर फंडिंग से जुड़े एक मामले के तहत की गई है। बता दें कि यूपी एटीएस ने 7 नवंबर को इसी कंपनी से फरहान नबी सिद्दीकी को गिरफ्तार किया था।

उस पर आरोप है कि उसकी प्रिंटिंग प्रेस से लगातार भड़काऊ सामग्री वाली किताबें प्रकाशित की जा रही थीं, जिनका उद्देश्य धार्मिक उन्माद और वैमनस्य फैलाना था।

जांच में यह भी सामने आया था कि कंपनी धार्मिक समुदायों के बीच तनाव बढ़ाने वाली किताबें छापकर उन्हें आयुर्वेदिक दवाओं और आरओ उत्पादों की आड़ में बाहर भेजती थी, ताकि संदेह से बचा जा सके।

कंपनी मालिक की गिरफ्तारी के बाद से एटीएस लगातार इस कंपनी की गतिविधियों पर नजर रख रही है। मंगलवार की छापेमारी के दौरान टीम ने कंपनी के दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की गहन जांच की। साथ ही, परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली।

यह कार्रवाई पूरी तरह गोपनीय तरीके से की गई। स्थानीय पुलिस को इसकी कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, जिससे इस जांच की संवेदनशीलता और महत्व का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# नोएडा में महिला की अश्लील फोटो वीडियो वायरल

**नोएडा।** महिला की अश्लील वीडियो और फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना के बाद से महिला मानसिक रूप से परेशान है।

थाने में दी शिकायत में थानाक्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में रहने वाली महिला ने बताया कि वह मूलरूप से दिल्ली की रहने वाली है। महिला की सोशल मीडिया पर बीते साल पांच दिसंबर को चंदू चौहान नाम के व्यक्ति से दोस्ती हो गई। दोस्ती जब मजबूत हुई तो चंदू का महिला के घर आना जाना भी हो गया। दोनों बाहर भी साथ घूमने जाने लगे। इसी दौरान चंदू ने चुपके से महिला की निजी तस्वीर और वीडियो अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया।

महिला से अनबन होने पर आरोपी ने उसकी निजी तस्वीर और वीडियो इंस्टाग्राम समेत सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल कर दी। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी चंदू लगातार महिला को धमका रहा है। कई बार मना करने के बावजूद जब आरोपी नहीं माना तो महिला ने उसकी शिकायत थाने में कर दी।

### नोएडा में निजी अस्पताल के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 112 स्थित भारत मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल स्टाफ पर गलत दवाई देने से गर्भवती महिला और शिशु की मौत होने का मामला सामने आया है। महिला के परिवार से कोर्ट के आदेश पर अस्पताल स्टाफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा के सोरखा गांव में रहने वाले सलीम के बेटे शाहरुख की पत्नी शबाना गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर शबाना को नौ अक्टूबर को सेक्टर 112 स्थित भारत मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजन ने शबाना के उच्च रक्तचाप मरीज होने के बारे में भी बताया था। पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कराने के बाद शाहरुख ने स्टाफ को दवाइयां भी लाकर दी थी।

# क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 13 लाख ठगे

## 5 बार में ट्रांसफर कराई गई रकम, साइबर सेल कर रहा मामले की जांच

**नोएडा।** साइबर ठगों ने क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर ग्रेटर नोएडा के रहने वाले एक इंजीनियर से 13 लाख रुपए ठग लिए। ठगों ने टेलीग्राम मैसेज से संपर्क कर मुनाफा होने का झांसा दिया।

मुनाफा समेत रकम नहीं निकलने पर पीड़ित को साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

ग्रेटर नोएडा के रहने वाले रवि मलिक इंजीनियर हैं। वह शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं।

24 अगस्त को टेलीग्राम पर एक मैसेज आया था। ठग ने क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की योजना बताई थी। बातचीत करने पर



ठग ने के वाट्स अप ग्रुप से जोड़ दिया। फिर ठगों ने बिटकॉइन नाम की एक एप डाउनलोड कराई। रवि ने एक सितंबर को 10 हजार रुपए का निवेश कर दिया।

कुछ समय में ही एप पर मुनाफा दिखने लगा। रवि ने रकम निकालकर बैंक खाते में डाली तो वह क्लिक करते ही आ गई।

### रकम निकालने का प्रयास ग्रुप से किया बाहर

रवि ने विश्वास कर रकम निवेश करने का मन बनाया। फिर क्या था। जैसे-जैसे ठग कहते जाते। वैसे-वैसे रवि करता जाता। रवि ने 24 सितंबर तक पांच बार में 13 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित ने रकम निकालने का प्रयास किया तो ठग ने कर के रूप में और रकम जमा करने को बोला।

यह सुनकर रवि चौक गए। उन्होंने और रकम नहीं होने से मना कर दिया। रवि के रकम नहीं देने पर ठगों ने संपर्क तोड़ लिया। रवि ने एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की।

# शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा के रेस्टोरेंट में मारपीट

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा 2 सेक्टर में एक रेस्टोरेंट में कर्मचारियों के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। यह घटना बीटा 2 थाना क्षेत्र की है। कुछ दबंगों का रेस्टोरेंट स्टाफ के साथ विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने कर्मचारियों के साथ मारपीट की और अपशब्द कहे। इस दौरान कर्मचारियों को थप्पड़ मारने और धक्का-मुक्की करने की पूरी वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दबंग कर्मचारियों पर हावी हो रहे हैं। रेस्टोरेंट संचालक ने तत्काल घटना की सूचना बीटा 2 पुलिस को दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई। बीटा 2 थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिया है और इसके आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह एक गंभीर मामला है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

गौतम बुद्ध नगर। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में अपर जिला जज/ सचिव(पूर्णकालिक), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 13/12/2025 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषत: आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

### ग्रेटर नोएडा में बाल विवाह

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के सिरौली बांगर गांव में एक नाबालिग लड़की के कथित बाल विवाह का मामला सामने आया है। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मां समेत 18 लोगों के खिलाफ बुधवार शाम केस दर्ज किया है। गांव की समाजसेवी महिला कविता ने आरोप लगाया है कि 16 वर्षीय किशोरी का विवाह दो साल पहले कराया गया था। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली और उन्होंने विरोध किया, तो स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने पुलिस पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता कविता के अनुसार, उन्होंने इस मामले की शिकायत कई बार स्थानीय पुलिस को दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। कोर्ट के आदेश पर बुधवार शाम रबूपुरा पुलिस ने किशोरी के माता-पिता सहित कालू, हक़ीक़त, समसू, हसनू, जरीना, तरीख़त, अय्यूब, तय्यूब, सोनू, हस्सन, साबुद्दीन, नन्हे, पप्पू, जरीफ, सलीम, हसीना, दिलशाद और मौजज्म उर्फ मौजी समेत 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कविता ने यह भी आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इस कथित बाल विवाह का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### नोएडा में सपा ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** एक निजी चैनल की मैगजीन में छपे आर्टिकल से गुस्साए सपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नोएडा में प्रदर्शन किया। सेक्टर-16ए फिल्म सिटी में प्रदर्शन किया। साथ ही मैगजीन की कॉपियों को फाड़कर विरोध दर्ज कराया। विरोध को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची। सपा के प्रदेश सचिव राकेश यादव ने कहा- इस आर्टिकल से पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह और सपा के बड़े नेताओं को अपमानित करने का प्रयास किया गया है। ये नेताजी का अपमान है। उन्होंने कहा कि मीडिया की कलम एकतरफा नहीं होनी चाहिए। अगर मीडिया की कलम झुक जाएगी तो लोकतंत्र में लोग अपनी आवाज कैसे उठाएंगे। गरीब लोगों की बात सरकार तक कैसे पहुंचेगी। आर्टिकल में अखिलेश यादव के परिवार के बारे में लिखा गया है। प्रदर्शन में शामिल सपा के प्रदेश सचिव राकेश यादव ने प्रकाशित लेख को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव का अपमान बताया। इस बात को लेकर सपा के कार्यकर्ता काफी गुस्से में दिखे। इस आर्टिकल में एक फोटो भी लगा है, जिसमें मुलायम सिंह के दोनों हाथों को सपा परिवार के लोग खींचते हुए नजर आ रहे हैं।

### ग्रेटर नोएडा में 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**गौतम बुद्ध नगर।** किसान संघर्ष मोर्चा ने घोषणा की है कि 25 नवंबर को बड़ी संख्या में किसान सूरजपुर स्थित जिला कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे। यह प्रदर्शन किसानों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर किया जाएगा। किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरेन प्रधान ने बताया कि प्रदेश में लगभग चार लाख किसान 10 प्रतिशत विकसित प्लॉट के अधिकार से वंचित हैं। इनमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में लगभग 1.5 लाख, नोएडा में लगभग 1.5 लाख और यमुना प्राधिकरण में लगभग 1 लाख किसान शामिल हैं। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसानों के लगातार आंदोलनों के बाद हाई पावर कमेटी ने अधिग्रहित आबादियों को लीज़बैक पर वापस करने की सिफारिश की थी। माननीय मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव (औद्योगिक विकास) की अध्यक्षता में एक मॉनिटरिंग कमेटी भी बनाई थी तथा स्वयं मुख्यमंत्री ने किसान संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों से इस संबंध में सकारात्मक आश्वासन दिया था।

# नोएडा में ट्रायल के लिए खोला भंगेल एलिवेटेड

## नोएडा से ग्रेनो जाना हुआ आसान, किसानों ने किया था ऐलान, 608 करोड़ में बना


नोएडा। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के ऐलान के बाद प्राधिकरण ने मंगलवार सुबह भंगेल एलिवेटेड रोड को वाहनों के ट्रायल के लिए खोल दिया। इस बीच इंजीनियरों की टीम रोड पर तकनीकी कमियों को बारीकी से जांचेगी।

दादरी-सूरजपुर-छलेरा यानी डीएससी मार्ग पर एलिवेटेड शुरू होने से लोगों का नोएडा से ग्रेटर-नोएडा होकर सूरजपुर की तरफ सफर आसान हो जाएगा। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा दौरे के समय एलिवेटेड रोड का भी उद्घाटन कर सकते हैं। अधिकारियों ने अपने उद्घाटन की तैयारी भी कर ली है।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव बीसी प्रधान का कहना है कि एलिवेटेड रोड बनने से आगाहपुर, बरौला, सलारपुर, भंगेल के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

वहीं, औद्योगिक क्षेत्रों में सेक्टर-43, 40, 41, 48, 49, 47, 101, 107, 106, 110, 82, 88 और फेज-दो के





लोगों का सफर भी आसान होगा। संगठन के बैनर तले पदाधिकारियों ने कई बार अधिकारियों से मिलकर एलिवेटेड को चालकों के लिए खोलने की मांग की थी लेकिन, उन्हें खोखले आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा था।

उप महाप्रबंधक विजय रावल ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने 4.50 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड को ट्रायल करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच तकनीकी कमियों को परखा जाएगा। इसे ट्रायल के लिए खोला गया है। ये एलिवेटेड 6 लेन की है।

इसको बनाने में करीब 608.08 करोड़ रुपए खर्च किए गए। जुलाई 2023 में काम की रफ्तार कम हुई। लेकिन बाद में इसे पूरा किया गया।

### यातायात जाम से मिलेगा निजात

यह एलिवेटेड रोड नोएडा के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक डीएससी रोड है।

2020 में प्रारम्भ किए गए इस 6 लेन एलिवेटेड रोड का निर्माण दिसंबर 2022 में पूरा होना था। से इस मुख्य मार्ग पर यातायात जाम की समस्या नहीं होगी। इससे लोगों को नोएडा से ग्रेटरनोएडा जाना आसान होगा। साथ ही एक्सप्रेस वे ट्रैफिक भार काफी कम हो जाएगा।

### चढ़ने उतरने के लिए बनाए जाएंगे दो लूप

इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा।

इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे।

### नोएडा में बीएससी छात्रा ने किया सुसाइड

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी रेलवे स्टेशन पर एक बीएससी छात्रा ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमॉर्टम से इनकार कर दिया है। दादरी आरपीएफ ने बताया कि बुधवार दोपहर स्टेशन मास्टर कार्यालय से महाबोधि एक्सप्रेस के सामने हादसे की सूचना मिली थी। रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची तो ट्रैक के पास एक युवती का शव पड़ा मिला। मृतका की तलाशी और आसपास की जांच में उसका टूटा हुआ मोबाइल फोन और एक कान की बाली बरामद हुई। मौके पर मौजूद मृतका की चचेरी बहन शगुन ने उसकी पहचान प्राची कोरी (18) निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा, थाना कोतवाली के रूप में की। शगुन ने बताया कि प्राची दादरी के मिहिर भोज डिग्री कॉलेज में बीएससी की छात्रा थी। वे दोनों रोजाना ट्रेन से जयपुर से दादरी आती-जाती थीं। बुधवार को भी कॉलेज से छुट्टी होने के बाद वे घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर बैठी थीं।

# ग्रेटर नोएडा में तीन मंजिला मकान का लेंटर गिरा

## मलबे में पांच मजदूर दबे, तीन को बाहर निकाला गया; दो की तलाश जारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में बुधवार दोपहर एक सेटरिंग खोलने के दौरान निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान का लेंटर गिर गया।

मलबे के नीच पांच मजदूर दब गए। इनमें से तीन को बाहर निकाल लिया गया। वहीं, दो मजदूर अभी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन की सहायता से तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीन मजदूरों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत एम्बुलेंस से नजदीकी अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों के अनुसार, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

हादसा रबूपुरा थाना क्षेत्र के नगला हुकुम सिंह गांव में हुआ। नगला हुकम सिंह गांव के रहने वाले महावीर का मकान था।

तीन मंजिला लेंटर पड़ा हुआ था, जिसकी आज सेटिंग खुल रही थी। इस दौरान अचानक लेंटर गिर गया।





हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के साथ मिलकर राहत कार्यों में सहयोग किया। इस घटना के बाद इलाके में निर्माण कार्य में कथित लापरवाही को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। भवन निर्माण से जुड़े ठेकेदार और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। एसएचओ सुजीत उपाध्याय ने बताया कि अभी भी दो अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है और मलबे को हटाया जा रहा है।

# थाना बरखेड़ा पुलिस ने गौकशी गिरोह का किया पर्दाफाश

## दो आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस व उपकरण बरामद



**बरखेड़ा।** थाना बरखेड़ा पुलिस ने गौकशी की बड़ी घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके पास से अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल और गौकशी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

घटना से जुड़ा मामला 9 नवंबर 2025 को दर्ज किया गया था। ग्राम रामपुरा नत्था निवासी नंदकिशोर गंगवार की तहरीर पर थाना बरखेड़ा में मुकदमा संख्या 418/2025 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधिनियम में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों ने बरखेड़ा पुलिस को शीघ्र अनावरण के निर्देश दिए थे।

18 नवंबर 2025 को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर ग्राम खमरिया जाने वाले कच्चे रास्ते से दो आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अकील पुत्र छोटेलाल, निवासी ग्राम खमरिया, थाना बरखेड़ा, उम्र लगभग 32 वर्ष, नदीम पुत्र छोटे कुरैशी, निवासी मोहल्ला कुरैशन, शेरपुर, थाना पूरनपुर, उम्र लगभग 30 वर्ष।

पुलिस ने उनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल , 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, लोहे की कुल्हाड़ी, दो चाकू, आरी, रस्सी के टुकड़े, पॉलिथीन बैग सहित कई उपकरण बरामद किए। बरामदगी के बाद केस में धारा 3/25 आ Arms Act की बढ़ोत्तरी की गई।

गिरफ्तार आरोपी अकील पर पहले भी गौवध से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आरोपी नदीम का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। उसके खिलाफ 2015 से 2023 के बीच 19 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें गौवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट और NDPS एक्ट के कई मामले शामिल हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक अंकित यादव,उप निरीक्षक नवीन कुमार, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अरीफ,कांस्टेबल मोहित कुमार,हेड कांस्टेबल रजत राणा, कांस्टेबल सौरभ पांडे रहे।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय में पेश किया।

## बेटा चाहता था, बेटी हुई तो नदी में फेंका

जौनपुर। जौनपुर में एक पिता ने अपनी 18 महीने की बेटी को गोमती नदी में फेंक दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पिता को हिरासत में ले लिया। बच्ची की तलाश शुरू कराई। पूछताछ में पिता ने बताया कि वह बेटा चाहता था। उसके दो बेटियां पहले से हैं। जब तीसरी बेटी पैदा हुई, तो मुझे गुस्से आया गया। मैं तीसरी बेटी को नहीं पालना चाहता था। उसको घुमाने के बहाने घर से लेकर निकला और मौका मिलते ही नदीं में फेंक दिया। मामला केराकत थाना क्षेत्र का है। खरगसेनपुर में अशोक विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी पत्नी ने 18 महीने पहले बेटी को जन्म दिया था। परिवार ने उसका नाम रुतबी रखा। रुतबी 3 बहनों में सबसे छोटी थी। उसकी बड़ी बहन आकांक्षा (18) और सृष्टि (13) हैं। बच्ची की मां संजू विश्वकर्मा ने बताया- पति अशोक सुबह करीब 7 बजे रुतबी को घुमाने के बहाने घर से लेकर निकला था। काफी देर बाद जब बड़ी बेटी आकांक्षा ने उसको फोन कर घर आने को कहा, तो थोड़ी देर में आने की बात कही। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि घर से एक किलोमीटर दूर अशोक को गोमती नदी के किनारे बच्ची के साथ देखा गया है।

# पीलीभीत में मिला घायल तेंदुआ, रेस्क्यू के बाद मौत

- गले में तार का गहरा जख्म
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से साफ होगी वजह, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम

**पीलीभीत।** बरखेड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक तेंदुआ संदिग्ध हालत में घायल पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और तेंदुए को रेस्क्यू कर कार्यालय लाई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

तेंदुए की गर्दन में तार फंसा होने का गहरा जख्म मिला है, जिसमें कीड़े पड़े थे। विभागीय टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मंगलवार तड़के करीब पांच बजे ग्राम पिपरा खास के कुछ ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान उन्होंने नहर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे एक तेंदुए को तड़पते हुए देखा। देखते ही देखते गांव के लोग मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों के शोर करने पर घायल तेंदुआ घबराकर पास के तालाब में कूद गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण वह कुछ दूर जाकर ही किनारे पर गिर पड़ा।

ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची, लेकिन इसमें लगभग दो घंटे लग गए। टीम ने तेंदुए को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया और कार्यालय लाया। उपचार के प्रयास से पहले ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभारी डीएफओ रमेश चौहान ने बताया कि तेंदुए की गर्दन में तार से बना गहरा घाव मिला है।

घाव में कीड़े पड़ चुके थे, जिससे अनुमान है कि तेंदुआ लंबे समय से दर्द झेल रहा था। जंगली जानवरों को फंसाने के लिए लगाए जाने वाले फंदे में तेंदुए के फंसने की आशंका जताई जा रही है।

वन विभाग ने तेंदुए के शव को सील कर चिकित्सकों की टीम को सौंप दिया है। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण आधिकारिक रूप से स्पष्ट होगा।

घटना के बाद ग्रामीणों में वन विभाग की देर से पहुंचने को लेकर नाराजगी भी देखी गई।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**बीसलपुर।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ छेड़छाड़ तथा दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को बीसलपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म प्रकरण में वांछित आरोपी क्षेत्र में देखे गए हैं। इस पर उपनिरीक्षक अंकित यादव ने कांस्टेबल चित्रपाल, सूर्या राठौर तथा महिला कांस्टेबल भावना के साथ टीम बनाकर दबिश दी और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लालता प्रसाद उर्फ पप्पू पुत्र छेदा लाल निवासी डड़िया नवाजिश अली थाना भुता तथा शिवकुमार पुत्र स्व. प्रकाश कुमार सैनी निवासी ग्राम बहादुरपुर थाना मुरादनगर, चौकी पाइपलाइन जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गए थे और उसी दौरान छेड़छाड़ व दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

## जिम से 2 करोड़ की बैन कफ सिरप मिली

**वाराणसी।** वाराणसी में एक जिम से 2 करोड़ की बैन कफ सिरप मिली। इसे महिला प्रधान के पति ने अपने जिम के गोदाम में छिपा रखा था। इसकी डिलीवरी बंगाल के माल्दा टाउन में की जानी थी। जहां से इसे बांग्लादेश भेजने की तैयारी थी। रोहनिया पुलिस ने शिकायत पर बुधवार को टाइटन फिटनेस जिम में छापेमारी की। इसके बाद ड्रग विभाग और एएनटीएफ की टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस ने महिला प्रधान के आरोपी पति को हिरासत में लिया है। इसके बाद मामले की जांच में जुटी है। डीसीपी वरूणा जोन प्रमोद कुमार ने बताया- रोहनिया के हाईवे इन होटल के पास टाइटन फिटनेस जिम सेंटर चलता है। इसी जिम के अंडरग्राउंड में बने गोदाम में दवाएं होने की सूचना मिली थी। बताया गया था कि कुछ दिन पहले कफ सिरप उतारी गई, लेकिन सप्लाई नहीं हुई थी। एसीपी रोहनिया संजीव शर्मा और थाना प्रभारी राजू सिंह की टीम ने गोदाम पर छापेमारी की तो सूचना सही मिली।

## रेल विहार में चार फ्लैट में चोरी

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के नीति खंड-3 स्थित रेल विहार सोसाइटी में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। सोसाइटी के चार फ्लैटों के ताले काटकर दो चोर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चोरों ने सोसाइटी के डी ब्लॉक के फ्लैट नंबर 2/15, 9/9, 7/12 और बी ब्लॉक के फ्लैट नंबर 3/7 को निशाना बनाया। सोसाइटी के निवासियों के अनुसार, एक फ्लैट में ताला काटने के बावजूद चोरों को कोई कीमती सामान नहीं मिला। हालांकि, अन्य तीन फ्लैटों में चोरों ने अलमारी, बेड और अन्य घरेलू सामान खंगाले। बताया जा रहा है कि इन सभी फ्लैटों के मालिक पिछले तीन-चार दिनों से घर से बाहर थे, जिसके कारण चोरी का पता तुरंत नहीं चल सका। सोसायटी के निवासियों ने जब कटे हुए ताले देखे, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## बाराबंकी में विदाई से पहले दुल्हन गायब

**बाराबंकी।** बाराबंकी में बुधवार सुबह विदाई से ठीक पहले दुल्हन गायब हो गई। परिजनों ने तलाश की, लेकिन दुल्हन का पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पूरे मामले की लड़की और लड़के के घर वालों से जानकारी ली, लेकिन दुल्हन के गायब होने का कारण पता नहीं चल सका। अंत में बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौट गई। पुलिस ने लड़के पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है। मामला कोतवाली क्षेत्र के बंकी कस्बे का है। बंकी कस्बे के बंशी लाल की बेटी पल्लवी की शादी गांव ददेर के राम कुमार के बेटे सुनील से तय हुई थी। मंगलवार शाम सुनील बारात लेकर गांव पहुंचा। लड़की पक्ष ने बारातियों की भरपूर आवभगत की। बाराती नाचते-गाते दुल्हन पल्लवी के दरवाजे पर पहुंचे। यहां द्वार पूजा की रस्म हुई। देर रात दूल्हा सुनील कुमार और दुल्हन पल्लवी का जयमाल हुआ। शादी की सभी रस्में पूरी हुईं।

## बेकाबू रोडवेज बस ने मजदूर को रौंदा

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। कीडगंज में रोडवेज बस ने पैदल जा रहे मजदूर को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि शव पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस देर रात तक प्रयास में जुटी रही लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हुई। घटना दोपहर एक बजे के करीब हुई। कानपुर डिपो की एक बस जीरो रोड डिपो से बांदा जा रही थी। दोपहर एक बजे के करीब बस रामबाग में पराग डेरी के सामने पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शी संजय शुक्ला ने बताया कि अचानक बस अनियंत्रत हो गई और पैदल जा रहे एक व्यक्ति को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची। मृतक के शव के पास ही एक झोला पड़ा हुआ था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई मृतक के बारे में कुछ बता नहीं सका।

## फ्री टिकट भी नहीं लुभा पाई पर्यटकों को

**आगरा।** आगरा में आज विश्व धरोहर सप्ताह के पहले दिन स्मारकों पर पर्यटकों की एंट्री फ्री है। लेकिन सुबह से शाम तक ताजमहल और आगरा किला पर पर्यटकों की भीड़ सामान्य रही। जबकि एएसआई ने भीड़ के चलते कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया था। आगरा किला पर आज कार्यक्रम भी हुआ। आज से शुरू हुए विश्व धरोहर सप्ताह के पहले दिन सभी एतिहासिक स्मारकों पर पर्यटकों को फ्री एंट्री दी गई थी। इसके बावजूद स्मारकों पर पर्यटकों की संख्या में ज्यादा इजाफा नहीं देखा गया। ताजमहल पर दिन में कई बार यह स्थिति रही कि एंट्री गेटों पर पर्यटक दिखे ही नहीं। यही स्थिति आगरा किला पर भी रही। सामान्य रूप में ताजमहल पर हर रोज 50 हजार लोग पहुंचते हैं, इनमें बच्चे भी शामिल हैं। अगर टिकट के हिसाब से देखें तो 25 से 30 हजार लोग टिकट लेते हैं। वीकेंड पर संख्या 35 से 40 हजार तक हो जाती है। आज ताजमहल पर 50 से 55 हजार तक ही पर्यटक पहुंचे।

## बस-कार की भिड़ंत, एक युवक की मौत

**बांदा।** बांदा-फतेहपुर मार्ग पर तिंदवारी के मुंगुस गांव के पास मंगलवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में मिरगहनी गांव निवासी 34 वर्षीय नीरज द्विवेदी की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार तीन अन्य युवक अंकित, मनीराम और प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, नीरज द्विवेदी अपने साथियों अंकित, मनीराम और प्रियांशु के साथ बांदा से मिरगहनी लौट रहे थे। मुंगुस गांव के पास उनकी कार एक रोडवेज बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा भिड़ी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत पीएचसी तिंदवारी पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने नीरज द्विवेदी को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीनों घायलों का उपचार जारी है।

## मेरठ में सिपाही बेड पर जिंदा जल गया

**मेरठ।** मेरठ में हेड कॉन्स्टेबल की सोते समय जिंदा जलकर मौत हो गई। सूचना पर आसपास के लोग पहुंचे। लोगों ने खिड़की से झांककर देखा, तो हेड कॉन्स्टेबल बिस्तर पर पड़े जल रहे थे। दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। हथौड़े से दरवाजा तोड़ा गया। लेकिन तब तक हेड कॉन्स्टेबल पूरी तरह जल चुके थे। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। हेड कॉन्स्टेबल की पहचान शामली के कांधला में रहने वाले विभोर तोमर (45) के रूप में हुई। हादसा मंगलवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुआ। हेड कॉन्स्टेबल विभोर तोमर साल-2011 में पुलिस में भर्ती हुए थे। इन दिनों उनकी तैनाती पुलिस लाइन में थी। संजय शर्मा के मकान में नीचे गोदाम है, जबकि दूसरी मंजिल पर 4 कमरे बने हैं। एक में विभोर और कॉन्स्टेबल सतीश रहते थे। सतीश की बेटी की शादी है, वह 8 दिन पहले अपने घर चले गए थे। बराबर के कमरे में नेपाल का रहने वाला लाल बहादुर अपनी पत्नी तुलसी और बच्चे के साथ रहता है। जबकि बाकी के दोनों कमरों में भी पुलिसवाले रहते हैं। इनमें कॉन्स्टेबल रविंद्र, सुरेश, मनोज कुमार और सब-इंस्पेक्टर भगवान सिंह शामिल हैं। मंगलवार रात मनोज और रविंद्र ड्यूटी पर थे। सुरेश और भगवान सिंह अलग-अलग रूम में मौजूद थे। भगवान सिंह जब वॉशरूम के लिए उठे, तो विभोर के कमरे से धुआं उठता देखा। उन्होंने गेट खोलने का प्रयास किया, लेकिन गेट नहीं खुला।

# उद्योग व्यापार मंडल ने एकता पदयात्रा का किया भव्य स्वागत

### फूलवर्षा के साथ बरखेड़ा तिराहे पर रोका गया काफिला



**बरखेड़ा।** राष्ट्रनिर्माता भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित एकता पदयात्रा एवं विशाल जनसभा का मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बरखेड़ा ने भव्य स्वागत किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में ब्लॉक बरखेड़ा तिराहे पर पदयात्रा का फूलवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा माहौल देशभक्ति के उत्साह में रंग गया।यह महापदयात्रा 128 विधानसभा बरखेड़ा के विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में ग्राम ज्योरह कल्याणपुर से शुरू हुई। मुख्य मार्गों से होते हुए यह यात्रा नगर बरखेड़ा में प्रवेश कर जनसैलाब में तब्दील हो गई।

यात्रा का समापन माध्यमिक विद्यालय (जूनियर हाईस्कूल) बरखेड़ा परिसर में हुआ, जहां विशाल जनसभा आयोजित की गई।

व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर निकाली गई यह यात्रा समाज में एकता और अखंडता का संदेश देती है। स्थानीय व्यापारियों ने भी उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर महामंत्री हरीश भारती, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद अनस, सभासद प्रवेश जोशी, राजेश सक्सेना, सौरभ गंगवार, राजेश उर्फ राजू, इंतियाज, कैलाश मौर्य, मोहित, अर्पित सक्सेना, दीपांशु गुप्ता, रजत जायसवाल, प्रमोद भारती, ऋतिक भारद्वाज सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।पदयात्रा के स्वागत में व्यापार मंडल की सक्रिय भूमिका पूरे नगर में चर्चा का विषय बनी रही।

# एसपी ने किया सदर कोतवाली का निरीक्षण



**ललितपुर।** एसपी ने बुधवार को कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा कोतवाली ललितपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर, कार्यालय , मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कक्ष आदि का निरीक्षण कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

कोतवाली कार्यालय/मिशन शक्ति केंद्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रखरखाव हेतु संबंधित को निर्देश दिये गये है तथा मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया।

थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों/स्कूलो आदि जगहो पर जाकर महिलाओं/बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरशः अनुपालन कराया जाये ।

## लखनऊ में मंत्री आवास के पास मां-बेटे ने सल्फास खाया

**लखनऊ।** लखनऊ में पर्यटन मंत्री के आवास के पास बुधवार दिन में 11:30 बजे मां-बेटे ने सल्फास खा लिया। वे सड़क पर गिर गए। हालत बिगड़ने लगी तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। बेटे को भर्ती कर लिया गया, लेकिन मां की हालत लगातार बिगड़ रही थी इसलिए उन्हें च्वत्रू रेफर किया गया। मां का नाम मुनेश सिंह (56) और बेटे का नाम बलजीत सिंह (38) है। वह मथुरा के बरसाना के रहने वाले हैं। दोनों के पास एक बैग मिला है जिसमें सल्फास के 2 पाउच और 1 मोबाइल फोन था। बेटे की जेब से एक एप्लिकेशन मिली है। इसमें लिखा है- भूमाफिया ने 43 लाख रुपए लेकर प्लॉट नहीं दिया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई, 153 वाहनों के चालान 7 सीज



**ललितपुर।** यातायात पुलिस द्वारा नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिस में आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख चौराहो पर बिना हेलमेट,बिना सीट बेल्ट,ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट, बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध चलाया सघन चैकिंग। पुलिस अधीक्षक, के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया । अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विभिन्न चौराहों/तिराहों पर वाहन स्वामियों/ चालकों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों से संबंधित पम्पलेट/ स्टीकर वितरित करते हुए यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया साथ ही सघन चैकिंग में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट,ब्लैक फिल्म, फॉल्टी नंबर प्लेट/बिना नंबर प्लेट के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए 153 वाहनों का चालान किया गया व 07 वाहनों को सीज किया गया।

# महिलाओं के उत्पीडन पर आयोग ने दिया दिशा निर्देश

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन तथा जनपद में महिला अपराध, महिला उत्पीड़न, घरेलु हिन्सा, पति द्वारा मारने पिटने, ससुराल में दहेज के कारण उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित एवं प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला आयोग द्वारा सुनवाई के क्रम में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस/निरीक्षण गृह में पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई किया। सुनवाई के दौरान मा0 सदस्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की मन्शा के अनुसार महिला आयोग पूरी तरह से महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं अन्य किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से न्याय दिलाने हेतु संवेदनशील है तथा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओं की भागीदारी मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होने कहा कि आयोग में सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं का गहन विश्लेषण कर अन्य संबंधित अधिकारियों के सहयोग से उचित कार्यवाही कर उसका समाधान करना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। सुनवाई के दौरान सदस्य महिला आयोग के समक्ष महिला उत्पीड़न से सम्बंधित अनेक प्रकरण आया जिस पर मा0 सदस्य द्वारा उपस्थित अधिकारियों को मामले की जांच करवाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिसमें कुल 09 प्रकरण आज आए, मा0 सदस्य द्वारा सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरण में यथाशीघ्र कार्यवाई हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के बाद में मीरनपुर सक्का, सदर विकास खंड के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए वहां 02 गर्भवती माताओं का गोद भराई तथा 01 नवजात बच्चे का अन्न प्रासन कराया गया। गर्भवती महिलाओ को फल की टोकरी देकर उनका गोदभराई किया गया।

# नाराहट पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया




**ललितपुर।** नाराहट यातायात जागरुकता माह के अंतर्गत, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। नाराहट थानाध्यक्ष पारोल चन्देल ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों का महत्व बताया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में थानाध्यक्ष नाराहट पारुल चन्देल द्वारा मय पुलिस टीम के स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज, नाराहट जनपद ललितपुर में यातायात जागरुकता अभियान आयोजित कर छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया ।छात्र/छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार में अपने माता-पिता और अपने भाई-बहन जो 18 साल से ज्यादा उम्र के हैं, सबको जाकर घर पर बताएं कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें । बच्चों के प्रोत्साहन हेतु यातायात से सम्बंधित प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें प्रथम स्थान प्रिंसी, अमित बंसल द्वितीय स्थान ईस्वी राजा, अरुण निरंजन व तृतीय स्थान पलक जैन, हर्षवर्धन राठौर को थानाध्यक्ष नाराहट द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी । यातायात माह, जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में आयोजित किया जाता है । यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं को कम करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है ।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन-जागरुकता एवं सड़क सुरक्षा यातायात माह अभियान का शुभारम्भ दिनांक 01.11.2025 से 30.11.2025 तक किया गया है ।

## 4 साल की बच्ची से दरिंदगी करने वाले को उम्रकैद

सोनभद्र। पॉक्सो एक्ट के तहत एक मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अमित वीर सिंह की अदालत ने बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी, जिसमें से 80 हजार रुपए पीड़िता को दिए जाएंगे। यह मामला करीब नौ माह पूर्व 4 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए रेप से संबंधित है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने 20 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि बृजेश कुमार यादव उर्फ छोटू (निवासी बहुआरा, टोला औरहवा, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र) ने उनकी बेटी के साथ गेहूं के खेत में दुष्कर्म किया था।

# गाजियाबाद में रिश्ते के चाचा ने की भतीजे की हत्या


**हापुड़ से अपहरण कर जंगल ले गए, मुंह में कपड़ा ठूंसकर ईंट से कुचला; जलाना चाहते थे शव**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में 15 साल के भतीजे की उसके चाचा ने अपने दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी। हापुड़ से चाचा पहले अपने भतीजे का अपहरण किया। इसके बाद उसे भोजपुर जंगल में ले गए, जहां पर उन्होंने ईंट से कुचलकर उसकी जान ले ली।

हत्या के बाद दोनों शव को जलाना चाहते थे, लेकिन किसी कारण वे शव को जला नहीं पाए और मौके से भाग गए।

पुलिस ने भोजपुर जंगल से किशोर का शव बरामद कर लिया है। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

साथ ही आरोपी चाचा और उसके दोस्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। यह घटना भोजपुर थाना क्षेत्र की है।



# गाजा के लिए अमेरिका की योजना को यूएन की मंजूरी, अंतरराष्ट्रीय बल की तैनाती का रास्ता साफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी देकर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा बल की राह खोल दी है। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा के लिए अमेरिकी योजना को मंजूरी दे दी, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल की तैनाती और भविष्य में फलस्तीनी राज्य की संभावित राह का जिक्र है। हालांकि दूसरी ओर रूस और चीन ने मतदान से दूरी बनाई, जबकि 13 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया। अमेरिका को उम्मीद थी कि बता दें कि दो साल से चल रहे इस्राइल-हमास युद्ध के बाद यह प्रस्ताव गाजा में जारी नाजुक युद्धविराम को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। कई अरब और मुस्लिम देशों ने पहले ही संकेत दे दिया था कि वे गाजा में सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय बल भेजने में तभी हिस्सा लेंगे, जब सुरक्षा परिषद से इसकी औपचारिक अनुमति मिल जाए।

**अमेरिकी प्रस्ताव में क्या-क्या :** ज्यादा रोचक बात ये है कि अमेरिकी प्रस्ताव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20 बिंदुओं वाली युद्धविराम योजना को समर्थन दिया गया है। इसके तहत 'बोर्ड ऑफ पीस' नाम की एक अस्थायी प्राधिकरण का गठन होगा, जिसकी अगुवाई खुद ट्रंप करेंगे। यह बोर्ड और सुरक्षा बल गाजा की सीमाओं की निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था और क्षेत्र के हथियारमुक्त जैसे व्यापक काम



संभालेंगे। इन सबकी अनुमति 2027 के अंत तक लागू रहेगी।

**फलस्तीनी राज्य पर मजबूत भाषा, अरब देशों की मांग के बाद बदलाव :** इसके इतर लगभग दो हफ्तों तक चली बातचीत में अरब देशों और फलस्तीनियों ने अमेरिका पर दबाव डाला कि फ़लस्तीनी आत्मनिर्णय पर भाषा को और स्पष्ट और मजबूत बनाया जाए। इसके बाद संशोधित प्रस्ताव में यह कहा गया कि जब फलस्तीनी प्राधिकरण (पीए) जरूरी सुधार कर लेगा और जब गाजा का पुनर्निर्माण आगे बढ़ेगा, तो फलस्तीनी आत्मनिर्णय और राज्य की ओर एक विश्वसनीय रास्ता तैयार हो सकता है। मामले में अमेरिका ने यह भी कहा कि वह इस्राइल और फलस्तीन के बीच बातचीत शुरू करेगा ताकि शांतिपूर्ण और समृद्ध सह-अस्तित्व का राजनीतिक ढांचा बनाया जा सके।

**फलस्तीनी राज्य को लेकर नेतन्याहू का विरोध जारी :** इन प्रस्वातों से इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नाराजगी खुलकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह फलस्तीनी राज्य की स्थापना का विरोध करेंगे। उनका तर्क है कि यह कदम हमास को इनाम देने जैसा होगा और आगे चलकर इस्राइल की सीमा पर एक और बड़ा हमास-नियंत्रित राज्य बन सकता है।

**प्रस्वात को अरब देशों का समर्थन :** गौरतलब है कि अमेरिका को प्रस्ताव पारित कराने में अरब और मुस्लिम देशों का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। कतर, मिस्र, यूएई, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्की ने एक संयुक्त बयान जारी कर प्रस्ताव को जल्दी अपनाने की अपील की थी। कुल 13 देशों ने इसके पक्ष में वोट दिया, जबकि रूस और चीन ने वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। किसी भी देश ने विपक्ष में वोट नहीं किया। अमेरिका ने इसे ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम बताया।

**क्या है प्रस्ताव में :** इंटरनेशनल स्टेबलाइजेशन फोर्स की तैनाती की इजाज यह फोर्स इजराइल, मिस्र और नई ट्रेंड फिलिस्तीनी पुलिस के साथ मिलकर गाजा में सुरक्षा और सीमाओं की निगरानी करेगा। उग्रवादी संगठनों से हथियार सरेंडर करवाने में मदद करेगा। मानवीय सहायता की सुरक्षित आपूर्ति तय करेगा। 'बोर्ड ऑफ पीस' नाम से एक अंतरिम प्रशासन का गठन यह व्यवस्था 2027 के अंत तक चलेगी। इसमें ट्रम्प के अध्यक्ष रहने की संभावना बताई गई है। प्रस्ताव में पहली बार यह भी बताया गया है कि अगर फिलिस्तीनी प्रशासन सुधार करता है और गाजा का पुनर्निर्माण तेजी से होता है, तो भविष्य में फिलिस्तीन को एक अलग देश के रूप में बनने का रास्ता खुल सकता है। हालांकि इजराइल ने इस विचार को पूरी तरह खारिज कर दिया है। इस बीच रूस ने एक अलग प्रस्ताव रखा था, जिसमें टू स्टेट सॉल्यूशन की मांग की गई थी, लेकिन अंतरराष्ट्रीय फोर्स या नए प्रशासन की तुरंत इजाजत नहीं थी। दूसरी तरफ, अमेरिका को कतर, मिस्र, सऊदी अरब, यूएई, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, जॉर्डन और तुर्किये जैसे कई मुस्लिम देशों का समर्थन भी मिला।

# फुटबाल विश्व कप देखने वालों अमेरिका जाने में होगी आसानी, ट्रंप ने 'फीफा पास' का किया अनवारण

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए आने वाले विदेशी यात्रियों की वीजा प्रक्रिया तेज करने के लिए 'फीफा पास' नाम की नई पहल शुरू की है। इस सुविधा के तहत वे लोग, जिन्होंने फीफा से विश्व कप मैचों के टिकट खरीदे हैं, उन्हें वीजा इंटरव्यू के लिए जल्दी समय मिल सकेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जो आम तौर पर कड़े आव्रजन रुख के लिए जाने जाते हैं, विश्व कप के लिए बढ़ रही दुनिया भर की यात्रा को देखते हुए यह व्यवस्था ला रहे हैं ताकि फुटबाल विश्व कप देखने के लिए अमेरिका आने वालों को आसानी हो सके। व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिले फीफा के अध्यक्ष फीफा के अध्यक्ष जियानी इंफांटिनो सोमवार को व्हाइट हाउस में ट्रंप से मिले। उन्होंने बताया कि यह सिस्टम- जिसका पूरा नाम- 'प्रायोरटाइज्ड अप्वाइंटमेंटस शेड्यूलिंग सिस्टम' - टिकटधारकों को एक खास 'फीफा पोर्टल' के जरिये वीजा अप्वाइंटमेंट को प्राथमिकता दिलाएगा। इंफांटिनो ने कहा, 'अगर आपके पास विश्व कप का टिकट है, तो आपको वीजा के लिए प्राथमिकता मिलेगी... आपने खुद कहा था, मिस्टर प्रेसिडेंट- अमेरिका दुनिया का स्वागत करता है।' फुटबाल प्रेमियों से ट्रंप ने की खास अपील इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फुटबाल विश्व कप के प्रेमियों से अपील की कि वे 'जितनी जल्दी हो सके' वीजा



के लिए आवेदन करें। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया कि विश्व कप से पहले दुनिया भर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों में 400 से ज्यादा अतिरिक्त अधिकारी भेजे गए हैं ताकि बढ़ती मांग को संभाला जा सके। उनके मुताबिक, दुनिया के करीब 80% इलाकों में लोग 60 दिनों के भीतर वीजा इंटरव्यू पा सकते हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बदला जा सकता है मैच का स्थान इस बातचीत के दौरान ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि अगर उन्हें किसी शहर की सुरक्षा को लेकर चिंता हुई, तो वे इंफांटिनो से कहेंगे कि वहां से मैच को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। उन्होंने यह टिप्पणी सिएटल को लेकर की, जहां नई मेयर के रूप में केटी विल्सन, जो एक प्रगतिशील एक्टिविस्ट हैं, हाल ही में चुनी गई हैं। सिएटल अगले साल अमेरिका के 11 मेजबान शहरों में से एक है।इंफांटिनो ने इस मुद्दे पर सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा, लेकिन यह जरूर दोहराया कि 'विश्व कप की सफलता के लिए सुरक्षा सबसे अहम है' और टिकट बिक्री देखकर यह साफ है कि लोग अमेरिका पर भरोसा कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हथियार के साथ स्कूल में आए बदमाश, 25 लड़कियों को उठाकर ले गए ; नाइजीरिया में क्या हो रहा?

**अबुजा, एजेंसी।** अफ्रीका के नाइजीरिया में एक चौंकाने वाली घटना ने सबको हैरान कर दिया है। देश के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित एक हाईस्कूल पर सशस्त्र हमलावरों ने धावा बोल दिया और 25 लड़कियों का अपहरण कर लिया। पुलिस के अनुसार, इस स्कूल अपहरण कांड में एक कर्मचारी की गोलीबारी में मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तरी नाइजीरिया में बढ़ते अपहरणों के बीच यह घटना अभी किसी संगठन ने स्वीकार नहीं की है। पुलिस ने बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार सोमवार सुबह करीब चार बजे हुआ। हथियारबंद अपराधी अचानक छात्रावास में घुस आए और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। कुछ ही मिनटों में उन्होंने 25 छात्राओं को उनके बिस्तरों से खींचकर ले लिया और जंगल की ओर फरार हो गए। घटनास्थल पर एक कर्मचारी को गोली लगने से तत्काल मौत हो गई, वहीं दूसरे घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के प्रवक्ता नफीउ अबुबकर कोटारकोशी ने बताया कि यह बोर्डिंग स्कूल केब्बी राज्य के डैंको-वासागु क्षेत्र के मागा गांव में है। उन्होंने कहा कि हमलावर आधुनिक हथियारों से लैस थे और अपहरण से पहले सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाई। फिलहाल, एक संयुक्त टास्क फोर्स संदिग्धों के भागने के रास्तों और आसपास के जंगलों में तलाशी अभियान चला रहा है।

### जी20 में अमेरिका के शामिल न होने से द.अफ्रीका पर पड़ेगा असर

**केप टाउन, एजेंसी।** जी20 लीडर्स समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शामिल न होने से मेजबान देश दक्षिण अफ्रीका के लिए दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं। विशेषज्ञों ने यह चेतावनी दी है। ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका सरकार पर श्वेत रंग के किसानों के खिलाफ जनसंहार का आरोप लगाते हुए सम्मेलन में भाग न लेने का एलान किया था। इसके बाद राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने एलान किया कि 22-23 नवंबर को होने वाला जी20 समिट जारी रहेगा।

### पीपीपी सांसद राजा फैसल बने पाक अधिकृत कश्मीर के नए पीएम

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सांसद राजा फैसल मुमताज राठौर को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। सोमवार को तहरीक-ए-इंसाफ के मौजूदा प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव पीपीपी सांसद कासिम मजीद ने पेश किया था। राठौर ने पीपीपी के 27 और पीएमएल-एन के 9 सांसदों का समर्थन हासिल किया। 52 सदस्यों वाली सदन में यह चौथी बार है, जब 2021 में सरकार बनने के बाद किसी प्रधानमंत्री को बदला गया है।

### श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद करने वाले चीनी विद्वान सम्मानित

**शंघाई, एजेंसी।** चीन के शंघाई में भारतीय महावाणिज्य दूत प्रतीक माथुर ने सोमवार को मशहूर चीनी विद्वान प्रो वांग झिचेंग को सम्मानित किया। माथुर ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उनके मुताबिक, वांग ने चीनी भाषा में श्रीमद्भगवद्गीता का अनुवाद किया। उनका अनुवाद 2015 में प्रकाशित हुआ था। इसे 17 बार दोबारा छापा जा चुका है। माथुर ने आगे कहा कि इस साल प्रकाशित श्रीमद्भगवद्गीता का नवीनतम चीनी संस्करण चीनी पाठकों में खासा पसंद किया गया।

### पाकिस्तान के शीर्ष बैंक ने नकद डॉलर लेन-देन पर लगाई रोक

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर के बहिर्वाह (आउटफ्लो) को रोकने और पाकिस्तानी रुपया को गिरने से बचाने के लिए व्यक्तियों को दिए जाने वाले नकद डॉलर पर सीमा लगा दी है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने बैंकों को निर्देश दिया है कि जिन ग्राहकों के पास विदेशी मुद्रा अकाउंट नहीं है, उन्हें डॉलर का कोई नकद भुगतान न करें। एसबीपी ने एक्सचेंज डीलरों को भी ग्राहकों को 500 अमेरिकी डॉलर तक ही देने का निर्देश दिया है।

### वियतनाम में भूस्खलन की चपेट में आई बस छह लोगों की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम के खतरनाक पर्वतीय दर्रे पर भूस्खलन एक बस मलबे में दब गई। घटना में 6 की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। अभी एक हफ्ते और भारी बारिश की चेतावनी है। रविवार देर रात मध्य पर्वतीय क्षेत्र में खांह ले दर्रे से गुजर रही बस पर अचानक मलबा और पत्थर गिर पड़े। करीब 33 किमी लंबा यह घुमावदार मार्ग खड़ी पहाड़ियों को काटकर बनाया गया है।

# व्हाट्सएप मैसेज में की राष्ट्रपति मादुरो की आलोचना, 65 वर्षीय महिला को सुनाई गई 30 साल जेल की सजा

**कराकास, एजेंसी।** वेनेजुएला की एक अदालत ने एक महिला डॉक्टर को व्हाट्सएप ऑडियो संदेश में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार की आलोचना करने के लिए 30 साल जेल की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक, 65 वर्षीय मार्गी ओरोज्को को 'देशद्रोह, घृणा भड़काने और षड्यंत्र' के लिए अधिकतम सजा सुनाई गई है, क्योंकि समुदाय के नेताओं ने उनके खिलाफ एक संदेश की शिकायत की थी, जिसे एक विश्वासघाती संदेश माना गया था।

**अगस्त 2024 में गिरफ्तार की गई थी बुजुर्ग महिला :** मामले में बुजुर्ग महिला मार्गी ओरोज्को को अगस्त 2024 में पश्चिमी शहर सैन जुआन डे कोलोन में गिरफ्तार किया गया था, जब मादुरो के पुनर्निर्वाचन के बाद वेनेजुएला संकट में था, जिसे विपक्ष और दर्जनों देशों ने धोखाधड़ी बताकर खारिज कर दिया था। उनके विवादित जीत के दावे के कारण विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके परिणामस्वरूप 2,400 गिरफ्तारियां हुईं, हालांकि अधिकांश को कुछ ही महीनों में रिहा कर दिया गया।

**बुजुर्ग को महिला को दो बार पड़ा दिल का दौरा :** इन विरोध प्रदर्शनों के बाद, राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने समर्थकों से फासीवादियों की रिपोर्ट करने का आग्रह किया, यह शब्द अक्सर विपक्षी सदस्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वेनेजुएला के जेईपी अधिकार एनजीओ के अनुसार, हिरासत में रहते हुए ओरोज्को को दो बार दिल का दौरा पड़ा है। वहीं एनजीओ फोरो पेनल का कहना है कि वेनेजुएला की जेलों में लगभग 882 राजनीतिक कैदी कैद हैं। इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई को पूरी तरह खारिज नहीं कर रहे, हालांकि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से बात करने की संभावना भी खुली रखी है। ट्रंप का आरोप है कि मादुरो की वजह से ड्रग्स और प्रवासियों की समस्या बढ़ी है। दूसरी ओर मादुरो ने भी कहा कि वे बातचीत के लिए तैयार हैं। इसी बीच अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर 'यूएसएस जेराल्ड आर फोर्ड' कैरेबियन पहुंचा है और ड्रग्स ले जाने वाले संदिग्ध जहाजों पर हमले तेज हुए हैं।

# ब्रिटेन में शरण नीति में बड़ा और सख्त बदलाव, अस्थायी शरण और वीजा पेनल्टी होगी लागू; नई नीति में क्या-क्या?

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की शरण नीति में बड़ा बदलाव करते हुए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर और गृह मंत्री शबाना महमूद ने संसद में नए, कड़े नियम पेश किए हैं। इसके तहत अस्थायी शरण 20 साल तक सेटलमेंट की अवधि और अवैध लौटने वालों के लिए देशों पर वीजा पेनल्टी जैसी सख्त मेडिडास लागू होंगी। मामले में सरकार का कहना है कि इससे अवैध प्रवास रोका जाएगा और असली शरणार्थियों के लिए सुरक्षित, न्यायपूर्ण रास्ते खुलेंगे।

पीएम स्टार्मर ने इस मामले में कहा कि देश की मौजूदा शरण व्यवस्था अवैध रूप से आने वाले लोगों के लिए बड़ा आकर्षण बन गई है। इसे रोकने के लिए गृह मंत्री शबाना महमूद ने संसद में नए कड़े सुधार पेश किए हैं।

**पीएम स्टार्मर ने बड़े बदलावों पर दिया जोर :** संसद में बयान से



पहले जारी एक विस्तृत नीति दस्तावेज में स्टार्मर ने कई बड़े बदलावों की बात कही है, जैसे कि शरण पाने वालों को स्थायी निवास (सेटलमेंट) मिलने में अब 20 साल तक इंतजार करना पड़ सकता है। वहीं जो देश ब्रिटेन में अवैध तरीके से आए अपने नागरिकों को वापस नहीं लेते, उनके लिए वीजा पेनल्टी लगेगी। स्टार्मर ने कहा कि मौजूदा सिस्टम मानव तस्करी को बढ़ावा देता है और कई लोग, जो कानूनी तौर पर ब्रिटेन आते हैं, बाद में शरण लेने की कोशिश करने लगते हैं। उनके मुताबिक, अगर चैनल पार करके आने वालों की संख्या कम करनी है और शरण प्रणाली को न्यायपूर्ण बनाना है, तो कड़े नियम जरूरी हैं।

**नई नीति में क्या-क्या :** ऐसे में नई नीति के अनुसार शरण मिलने पर दर्जा अस्थायी होगा, जब तक कि व्यक्ति अपने देश लौटने के लिए सुरक्षित न हो जाए। जिन शरणार्थियों के पास संपत्ति है, उन्हें अपने रहने का कुछ खर्च खुद देना होगा। जब सिस्टम पर नियंत्रण स्थापित होगा, तब सुरक्षित और कानूनी रास्तों से सीमित संख्या में शरणार्थियों को आने की अनुमति दी जाएगी।

**डेनमार्क जैसी मॉडल कैसे अपनाएगा ब्रिटेन :** संसद में बयान देते हुए गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा कि यूके अब डेनमार्क जैसी सख्त मॉडल को अपनाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब सिर्फ आने वालों की संख्या कम करना काफी नहीं है, जिन्हें रहने का अधिकार नहीं है उनकी वापसी भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में कुछ असफल शरण मांगने वालों को स्वैच्छिक रूप से सीरिया भेजा गया है। महमूद ने घोषणा की कि अंगोला, कांगो और नामीबिया को पहली बार वीज़ा पेनल्टी वाली सूची में रखा गया है। बाद में और देशों को भी इसमें जोड़ा जाएगा।

**क्या कहते है गृह मंत्रालय के आंकड़े :** गौरतलब है कि गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2021 से अब तक चार लाख से ज्यादा लोग ब्रिटेन में शरण मांग चुके हैं, लेकिन अवैध रूप से आए लोगों को वापस भेजने की प्रक्रिया उसी गति से नहीं बढ़ी है। महमूद के अनुसार, इस समय एक लाख से अधिक लोग सरकारी खर्च पर शरण आवासों में रह रहे हैं।

# ताइवान को लेकर चीन-जापान के बीच भारी तनाव

## जापानी प्रधानमंत्री बोलीं- हमला हुआ तो सेना भेजेंग, चीनी राजदूत बोले- दखल देने वालों की गर्दन काट देंगे

**बीजिंग/टोक्यो, एजेंसी।** जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के ताइवान पर दिए बयान से चीन और जापान के बीच तनाव बढ़ गया है। दरअसल साने ताकाइची ने 7 नंवबर को कहा था कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला करार दिया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब ओसाका में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे।

इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है।

**अमेरिका बोला- जापान की रक्षा करेंगे :** बिगड़ते माहौल के बीच, रविवार को चीनी कोस्ट गार्ड के जहाज जापान के कंट्रोल वाले सेनकाकू आइलैंड के पास दिखाई दिए थे। इसके बाद जापान के कोस्ट गार्ड ने उन्हें इलाके से बाहर किया था। अमेरिका ने क्लियर किया कि जापान-अमेरिका सुरक्षा समझौते के तहत अगर इन द्वीपों पर हमला होता है, तो अमेरिका जापान की रक्षा करेगा। वहीं, चीन के फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कुछ जापानी फिल्मों की रिलीज रोक दी है। चीनी सरकारी टीवी सीसीटीवी ने कहा कि यह घरेलू माहौल को देखते हुए यह फैसला सावधानी से लिया गया है।

**चीनी मीडिया बोला- ताइवान मुद्दे में जापान बेवजह दखल दे रहा :** चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है। ताइवान के आसपास का समुद्री क्षेत्र जापान के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह उसका एक महत्त्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है। साथ ही, जापान में दुनिया में सबसे बड़ा अमेरिकी सेना का विदेशी ठिकाना भी मौजूद है। जापानी सरकार ने चीन में रह रहे अपने नागरिकों को भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने को कहा है। जापान के कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने बताया कि हाल के डिप्लोमेटिक विवादों के बाद चीनी मीडिया में जापान को लेकर माहौल खराब हुआ है, इसलिए यह नया सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है। जापान के सुरक्षा अलर्ट में कहा गया है कि अनजान लोगों से बातचीत में सावधानी बरतें, अकेले ट्रैवल न करें, बच्चों के साथ बाहर जाते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध इंसान या ग्रुप को देखकर तुरंत दूर चले जाएं।

# सऊदी अरब से बड़ी डील कर रहे ट्रंप को चीन की चिंता, कौन सा सीक्रेट लीक होने का है डर

**वाशिंगटन, एजेंसी।** सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित वॉशिंगटन यात्रा की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह इस खाड़ी देश को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेंगे। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में इस बात को लेकर चिंता है कि इस तरह की बिक्री से चीन को उन्नत हथियार प्रणाली के पीछे की अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह सऊदी अरब को ये विमान बेचेंगे तो उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि हम ऐसा करेंगे। हम एफ-35 बेचेंगे।' उन्होंने कहा, 'वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहे हैं। यह सात वर्षों से अधिक समय में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा होगी इसलिए उम्मीद की जा रही है कि वह अपनी इच्छाओं और मांगों की एक सूची लेकर आएंगे, जिसमें ट्रंप से अपने देश के लिए अमेरिकी सैन्य सुरक्षा के दायरे को परिभाषित करने का औपचारिक आश्वासन हो सकता है। साथ ही अमेरिका में निर्मित दुनिया के सबसे उन्नत विमानों में से एक एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने का समझौता शामिल है।

**चिंता में भी है ट्रंप सरकार :** तीन प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि रिपब्लिकन प्रशासन यह नहीं चाहता कि इस लड़ाकू विमान के सौदे से इजरायल की उसके पड़ोसियों के बीच गुणात्मक सैन्य बढ़त कम हो।



खासतौर से ऐसे वक्त में जब ट्रंप अपनी गाजा शांति योजना की सफलता के लिए इजरायली समर्थन पर निर्भर हैं।

उन्होंने कहा कि एक और दीर्घकालिक चिंता यह भी है कि सौदे के बाद एफ-35 प्रौद्योगिकी चीन द्वारा चुराई जा सकती है या किसी तरह चीन को हस्तांतरित की जा सकती है। क्योंकि उसके संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। ट्रंप की यह घोषणा ऐसे समय में आई है जब वह सऊदी अरब और इजरायल को उनके आपसी संबंध सामान्य बनाने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

'फाउंडेशन फॉर डिफेंस ऑफ डेमोक्रेसीज' में सैन्य और राजनीतिक शक्ति केंद्र के वरिष्ठ निदेशक ब्रैडली बोमन ने कहा, 'उम्मीद है कि राष्ट्रपति ट्रंप यह स्पष्ट कर देंगे कि पहला एफ-35 तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक सऊदी अरब इजरायल के साथ संबंध सामान्य नहीं कर लेता। वरना राष्ट्रपति अपनी ही पकड़ कम कर लेंगे।

# शेख हसीना मामले में ट्रिब्यूनल की कार्यवाही न निष्पक्ष-न न्यायसंगत', मानवाधिकार संगठन की दो टूक

**ढाका, एजेंसी।** मानवाधिकार से जुड़े मामलों में सबसे अग्रणी संस्थाओं के तौर पर शुमार एमनेस्टी इंटरनेशनल ने बांग्लादेश में शेख हसीना को फांसी की सजा सुनाए जाने के फैसले का विरोध किया है। ब्रिटेन आधारित इस संस्था ने कहा है कि हसीना और उनके कार्यकाल में गृह मंत्री की भूमिका निभाने वाले असदुज्जमां खान के खिलाफ ट्रिब्यूनल की कार्यवाही न तो निष्पक्ष थी और न ही न्यायसंगत थी। दूसरी तरफ हसीना की सजा को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की मानवाधिकार एजेंसी- यूएनएचआरसी ने चिंता जताई है। यूएनएचआरसी ने इस मामले में तय प्रक्रिया, निष्पक्ष सुनवाई के मानकों पर जोर दिया और साथ ही मौत की सजा का पूर्ण विरोध किया है।

**क्या है एमनेस्टी इंटरनेशनल का बयान :** गौरतलब है कि बांग्लादेश में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और असदुज्जमां को मौत की सजा सुनाई थी। उन्हें पिछले साल जुलाई में हुए विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों का दोषी करार दिया गया। हालांकि, मौत की सजा सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद जारी एक बयान में, एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा- 'शेख हसीना को मौत की सजा सुनाने से 2024 के नरसंहार के पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा।'

एजेंसी की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने कहा, 'जुलाई और अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुए घोर उल्लंघनों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोपों के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार लोगों की जांच की जानी चाहिए और निष्पक्ष सुनवाई के जरिए उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। हालांकि, न तो यह कार्यवाही और न ही सजा कहीं से भी निष्पक्ष और न्यायोचित है।' मानवाधिकार संगठन ने इस




मामले की जांच-सुनवाई की अभूतपूर्व गति का हवाला देते हुए शेख हसीना की ट्रायल के दौरान गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठाया और कहा कि न्यायाधिकरण का फैसला इस स्तर और जटिलता के मामले में निष्पक्ष जांच पर चिंता और संदेह पैदा करता है। बयान में आगे कहा गया, 'शेख हसीना का प्रतिनिधित्व अदालत की ओर से नियुक्त एक वकील ने किया था, फिर भी बचाव पक्ष को तैयार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। हसीना के खिलाफ अनुचित मुकदमे का संदेह उन रिपोर्ट्स से और भी बढ़ जाता है, जिनमें कहा गया है कि बचाव पक्ष को विरोधाभासी माने जाने वाले सबूतों पर जिरह करने की इजाजत नहीं दी गई।'

एमनेस्टी के मुताबिक, यह निष्पक्ष सुनवाई नहीं थी। जुलाई 2024 को हुई हिंसा के पीड़ितों को बेहतर नतीजे मिलने थे। संस्था ने कहा कि उन पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए था, लेकिन मौत की सजा सीधे तौर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

**संयुक्त राष्ट्र ने भी सजा का विरोध किया :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने एक बयान में कहा कि शेख हसीना को सजा का फैसला पिछले साल के विरोध प्रदर्शनों के बीच दमन झेलने वाले पीड़ितों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने आगे कहा, 'हम इस मुकदमे को चलाए जाने क तरीकों से अवगत नहीं थे। लेकिन हम अंतरराष्ट्रीय अपराधों के आरोपों पर जवाबदेही की लगातार वकालत करते रहे हैं, ताकि वे बिना किसी विवाद के उचित प्रक्रिया और निष्पक्ष सुनवाई के अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर सकें।

# आईसीसी रैंकिंग: रोहित शर्मा ने गंवाया शीर्ष स्थान, न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने दिया झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग के नए अपडेट में न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल ने रोहित शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में मैच जिताऊ शतक जड़ने के बाद मिशेल 1979 में ग्लेन टर्नर के बाद पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

कमर की चोट के कारण सीरीज से बाहर होने से पहले मिशेल ने 118 गेंदों में 119 रनों की पारी खेली, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इस पारी ने उन्हें अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान और रोहित से एक रेटिंग अंक से आगे कर दिया है जिससे रैंकिंग में शीर्ष पर रोहित का 22 दिनों का संक्षिप्त दबदबा समाप्त हो गया। टर्नर 46 साल पहले नंबर एक स्थान पर पहुंचने वाले आखिरी न्यूजीलैंडर थे, जबकि नाथन एस्टल, रॉस टेलर और केन विलियमसन जैसे अन्य गेंदबाज रैंकिंग में तीसरे स्थान तक पहुंच गए हैं।

इस बीच पाकिस्तान के बाबर आजम रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 102 रनों की पारी खेलकर छठे स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके साथी मोहम्मद रिजवान और फखर जमान श्रृंखला में दो-दो अर्धशतक लगाने के बाद क्रमशः 22वें और 26वें स्थान पर पहुँच गए हैं। गेंदबाजी में पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 9वां स्थान हासिल किया है। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज़ हारिस राउफ 5 स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि वेस्टइंडीज के जेडन सील्स (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर) और रोस्टन चेज (12 स्थान ऊपर चढ़कर 46वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में सुधार किया है।

टेस्ट की बात करें तो बुमराह ने ईडन गार्डन्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में एक पांच विकेट सहित कुल छह विकेट लेकर टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा को भी फायदा हुआ है, कुलदीप दो स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर और जडेजा चार स्थान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर आ गए हैं।

ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर ने भी ईडन गार्डन्स में मैच विजयी 8 विकेट लेने के बाद 20 स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 24वें स्थान पर पहुंचकर महत्वपूर्ण लाभ कमाया। कम स्कोर वाले कोलकाता टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 55 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो (चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर) और महमूदुल हसन जॉय (19 स्थान ऊपर चढ़कर 74वें स्थान पर) ने अपने शतकों की बदौलत टीम को सिलहट में







आयरलैंड पर पारी की जीत दिलाने के बाद लाभ कमाया है। आयरलैंड के सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग 96वें से 80वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

पुरुषों की टी20आई खिलाड़ी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के टिम रॉबिन्सन की वेस्टइंडीज के खिलाफ अंतिम मैच में 45 रनों की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है। तेज गेंदबाज जैकब डफी तीसरे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मिशेल सैंटनर (पांच स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) और मोहम्मद नवाज (चार स्थान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर) ने भी पुरुषों की टी20आई गेंदबाज रैंकिंग में सुधार किया है।

# लक्ष्य और प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे





**सिडनी(एजेंसी)।** लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित 5 भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया। लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे।

विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा। मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया।

राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता अनुभवी किदांबी श्रीकांत भी 64 मिनट तक चले मुकाबले में चीनी ताइपे के ली चिया हाओ को 21-19, 19-21, 21-15 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। इस वर्ष के शुरू में मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे श्रीकांत का अगला मुकाबला जापान के शोगो ओगावा या एडवर्ड लाउ से होगा।

इस बीच किरण जॉर्ज को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद जापान के छठी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो से 21-11, 22-24, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। निशिमोतो ने पिछले सप्ताह जापान मास्टर्स के सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन को हराया था। मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी को एक अन्य मैच में कनाडा के नाइल याकुरा और क्रिस्टल लाई ने 12-21, 16-21 से हराकर बाहर कर दिया।

# रिंकू ने रणजी में एक और शतक लगाया, टेस्ट टीम में जगह के लिए दावेदारी पेश की



### –फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक लगाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम से बाहर चल रहे आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश की ओर से शानदार शतक लगाया है। ये रिंकू का इस सत्र का दूसरा शतक है। रिंकू ने तमिलनाडु के खिलाफ ये शतक लगाया है। इस शतक के साथ ही फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपना नौवां शतक लगाकर रिंकू ने भारतीय टेस्ट टीम के लिए भी अपनी दावेदारी पेश की है।

रिंकू ने यह शतक चौथे दिन के खेल के दौरान लगाया। इस दौरान उन्होंने 9 चौके और 3 छक्के भी लगाये। रिंकू का ये रणजी सत्र का दूसरा शतक है। इससे पहले रिंकू ने आंध्र के खिलाफ नाबाद 165 रन बनाये थे। इस दौरान कोई भी गेंदबाज उन्हें आउट नहीं कर पाया था। रिंकू ने 273 गेंदों में 60 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 13 चौके और दो छक्के भी लगाए थे।

रिंकू ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में लगातार अच्छी पारियां खेली हैं। फर्स्ट क्लास में नौवां शतक लगाने के साथ ही रिंकू ने भारतीय टेस्ट टीम के लिए भी दावेदारी पेश की हैं। देखना यह होगा कि रिंकू को कब अवसर मिलता है। ऐसे में उनके प्रदर्शन पर चयनकर्ताओं की भी नजर रहेंगी। रिंकू मध्यक्रम में भारतीय टीम की बल्लेबाजी को मजबूत बना सकते हैं। टीम इंडिया के लिए यह बल्लेबाज एकदिवसीय और टी20 टीम में धमाल मचा रहे हैं।

रिंकू ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 51 मैचों की 73 पारियों में 3501 रन बनाए हैं। उनका औसत 57.39 का है, जबकि 70 के स्ट्राइक रेट से फर्स्ट क्लास में रिंकू ने 22 अर्धशतक भी लगाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 165 रन रहा है। उनके नाम 401 चौके और 41 छक्के हैं।

# अब दो से तीन दिन में टेस्ट समाप्त हुआ तो टीमों के अंक काट सकती है आईसीसी !

### –विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैचों में भेज सकती है अपने क्यूरेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिस प्रकार से हाल में पिच या किसी अन्य कारण से कुछ टेस्ट मैच दो या तीन दिनों में ही समाप्त हो रहे है। उसे क्रिकेट की शीर्ष संस्था (आईसीसी) भी चिन्तित है। आईसीसी अब विचार कर रही है कि अब जो भी मैच कम दिनों में समाप्त होंगे उसमें टीमों के मैच अंक काटे जायें। वहीं ये बात चल रही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैचों में अब आईसीसी को अपने क्यूरेटर भेजने चाहिये। हाल में जिस प्रकार से सिडनी और अब कोलकाता में टेस्ट मैच तीन दिनों में समाप्त हुए हैं उसे टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं माना जा रहा है।

जनवरी 2025 में सिडनी की पिच



बेहद ख़राब थी। बहुत वहीं जनवरी 2024 में केप टाउन का मैच दो दिनों में खत्म हो गया था। जो याद रहता है वह यह कि ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में जीत दर्ज कर सीरीज़ 3-1 से अपने नाम की, और भारत ने न्यूलैंड्स में दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर ऑल आउट कर हराया। न्यूलैंड्स की पिच से आईसीसी संतुष्ट नहीं है। इसके बावजूद टीमें अपनी पसंद की पिचें तैयार करवाती रही हैं, जिससे पांच दिन के टेस्ट मुकाबले तीन दिनों में सिमट जाते हैं। घरेलू हालातों से होने वाले लाभ से किसी को कोई परेशानी नहीं है। यही टेस्ट क्रिकेट की खूबसूरती है। टर्नर पिचों या हरे मैदानों से भी किसी को आपत्ति नहीं है पर टेस्ट मैच ढाई दिन में समाप्त होना किसी को भी पसंद नहीं है। हाल ही में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज़ रोमांचक इसलिए थी क्योंकि हर मैच पांचवें दिन तक गया। कम से कम मैच चौथे दिन तक तो पहुँचना ही चाहिए। यही खेल को 150 वर्षों से बनाए हुए है, और कोई इसे कम नहीं कर सकता। कुछ भी हो, मैच जीतने की चाह और टेस्ट को दो दिन में खत्म होने से बचाने के बीच संतुलन ज़रूरी है। क्यूरेटर्स को यह अधिकार होना चाहिए कि अगर उन पर दबाव डाला जा रहा हो तो वे अपनी बात रख सकें, और आईसीसी को आगे आकर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तीन दिन से कम चलने वाले टेस्ट मैच टीमों के खिलाफ गिने जाएं। खासतौर पर डब्लयूटीसी में बेहतर क्यूरेटर होना चाहिए तभी टेस्ट मैचों का भविष्य रहेगा।

# स्मिथ को लगी गेंद पर पहला टेस्ट खेलेंगे

पर्थ ।एशेज क्रिकेट सीरीज से ठीक पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम की धड़कनें तब बढ़ गयीं जब टेस्ट के लिए कप्तान बनाये गये स्टीव स्मिथ को एक गेंद लग गयी। स्मिथ को अभ्यास के दौरान ही कलाई में ये गेंद लगी थी।



जिसके बाद फिजियो ने उनका इलाज किया। टीम ने तब राहत की सांस ली जब थोड़े समय बाद ही स्मिथ मैदान पर लौटे और बल्लेबाजी करते दिखे। ऐसे में माना जा रहा है कि शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट में वह खेलेंगे। गौरतलब है कि स्मिथ एशेज में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं। उन्होंने 37 एशेज टेस्ट में 3,417 रन बनाए हैं, उनके 12 शतक और 13 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल उन्होंने छह टेस्ट में 515 रन बनाए हैं और उनका औसत 51.50 रहा है। नियमित कप्तान पैट कमिंस के घायल होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले एशेज टेस्ट में स्मिथ की कप्तानी में उतरेगी। कमिंस दूसरे टेस्ट में वापसी कर सकत हैं।

# होप ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मैच में बनाये कई रिकार्ड, लारा की बराबरी की




नेपियर (एजेंसी)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान शाई होप ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसी मैच में शतकीय पारी खेलकर एक साथ कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं। इस पारी के साथ ही उन्होंने दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा के 19 एकदिवसीय शतकों के रिकार्ड की भी बराबरी कर ली। होप अब टेस्ट खेलने वाली हर टीम के खिलाफ शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं। होप ने कठिन पिच पर बेहद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 109 रन बनाये। अब वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ही ही 25 शतक लगाकर उनसे आगे हैं। यह शतक न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उनका पहला था, जिससे उन्होंने सभी टीमों के विरुद्ध शतक मारने की उपलब्धि पूरी कर ली।इस मुकाबले के दौरान शाई होप ने अपने 6000 एकदिवसीय रन पूरे किये। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे सबसे तेज़ बल्लेबाज और दुनिया के 9वें बल्लेबाज हैं। इस मामले में पहले नंबर पर हाशिम अमला है जिन्होंने केवल 123 पारी में 6000 एकदिवसीय रन बनाये थे। विकेटकीपर कप्तान के तौर पर होप का यह छठा शतक है। ऐसा कर उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की बराबरी कर ली है।

# विश्व कप का प्रभाव : हरमनप्रीत कौर का ब्रांड पोर्टफोलियो तीन गुना होने की उम्मीद




नई दिल्ली ।विश्व कप जीतने के बाद विभिन्न ब्रांड भारतीय महिला क्रिकेटरों में भी दिलचस्पी दिखाने लग गए हैं। इन खिलाड़ियों में कप्तान हरमनप्रीत कौर भी शामिल हैं, जिनके विज्ञापन पोर्टफोलियो में आने वाले महीनों में तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में नादिन डी क्लार्क का कैच लेकर भारत को दक्षिण अफ्रीका पर जीत दिलाने वाली हरमनप्रीत विश्व कप से पहले आठ से ज़्यादा ब्रांड से जुड़ी थीं लेकिन उनकी मैनेजर नूपुर कश्यप ने बताया कि अब यह बदलाव आ रहा है। कश्यप ने कहा, 'विश्व कप से पहले हरमनप्रीत आठ दस ब्रांड से जुड़ी थी लेकिन विश्व कप के बाद उनकी कीमत और ब्रांड की संख्या में तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। गैर–खेल पारंपरिक क्षेत्र के ब्रांड उनसे संपर्क कर रहे हैं और उनके साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं।' कश्यप ने कहा कि 2017 का फाइनल भारत में महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन आठ साल बाद खिताबी जीत ने खेल की लोकप्रियता और ब्रांड की रुचि को दूसरे स्तर पर पहुंचा दिया है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों की बिजनेस मैनेजर होने के कारण मैंने देखा है कि विशेष कर विश्व कप जीतने के बाद महिला क्रिकेट में रुचि और निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले महिला खिलाड़ियों को कुछ ब्रांड तक सीमित रखा जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब हम मानसिकता में बहुत बदलाव देख रहे हैं।' कश्यप ने कहा, 'अब स्थिति बदल रही है और ब्रांड महिला क्रिकेटरों को मजबूत, सक्षम और निपुण खिलाड़ियों के रूप में प्रदर्शित करने के महत्व को पहचानने लगे हैं। ऐसा करके वे न केवल महिला एथलीटों के बारे में सोच बदल रहे हैं, बल्कि अधिक समावेशी और सहायक खेल संस्कृति में भी योगदान दे रहे हैं।'

# भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने जीतने होंगे कम से कम 8 मैच

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अब तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2026-27 सत्र के तीन मैच हार गयी है। दो बार डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलने वाली भारतीय टीम इस बार के चक्र में पहले 8 मैचों में से तीन मैच हार गयी है, जबकि एक मैच ड्रॉ रहा है और चार मैच जीते हैं। ऐसे में अब भारतीय टीम को आगे के बचे हुए 10 मुकाबलों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम के पास अभी भी 10 मैच हैं जिसमें वह हालात बदल सकती है इसमें अगर वह आठ मैच जीतती है तो फाइनल में पहुंच जाएगी पर इससे कम में उससे काफी मुश्किलें होगी। अभी शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम अंक तालिका में 54 फीसदी के करीब मैच




जीतकर चौथे स्थान पर है। वहीं डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए 64 से 68 फीसदी जीत हासिल करनी होगी। इससे साफ है कि टीम को अब अधिक से अधिक मैच जीतने होंगे।

अब एक हार भी टीम के लिए फाइनल की राह को कठिन बनाएगी। भारतीय टीम के बाकी बचे मैचों की बात करें तो अभी उसका एक मुकाबला दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होना शेष है, जबकि इसके बाद भारतीय टीम श्रीलंका में दो टेस्ट खेलने हैं और इतने ही टेस्ट मैचों न्यूजीलैंड में खेलेगी। इस प्रकार उसे 10 मैच खेलने हैं।

वहीं भारतीय टीम को घर पर ऑस्ट्रेलिया से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी होगी। इस उसके लिए जीत की राह आसन नहीं कही जा सकती है। अगर भारतीय टीम शेष बचे हुए 10 मैचों में से 8 मैच भी जीत जाती है तो फाइनल के लिए आसानी से क्वालीफाई कर जाएगा पर अगर उसे कम जीतती है तो उसकी परेशानी बढ़ जाएगी। ऐसे में उसका फाइनल में जगह बनाना अन्य टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

# शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों का फीका प्रदर्शन, अफगानिस्तान से हारा भारत




बेंगलुरु ।अफगानिस्तान ने बुधवार को यहां अंडर–19 त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच में भारत बी को 71 रन से हरा दिया। भारत बी ने नमन पुष्पक (45 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान को 45.2 ओवर में 168 रन पर समेट दिया। भारत की ओर से इशान सूद ने भी 24 रन पर दो विकेट चटकाए। अफगानिस्तान की तरफ से फैजल शिनोजादा (58 रन, 76 गेंद, सात चौके) ने अर्धशतक जड़ा जबकि अजीजुल्लाह मेखिल ने 42 रन की उम्दा पारी खेली जिससे टीम सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में सफल रही। इसके जवाब में भारत बी की टीम सलामी बल्लेबाज युवराज गोहिल की 80 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के से नाबाद 60 रन की पारी के बावजूद 29.3 ओवर में 97 रन पर ढेर हो गई। युवराज के अलावा भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाया। अफगानिस्तान की ओर से अब्दुल अजीज ने 36 रन देकर छह विकेट चटकाए जबकि सलाम खान (18 रन पर दो विकेट) और वहीदुल्लाह जादरान (12 रन पर दो विकेट) ने दो–दो विकेट हासिल किए। इस जीत से अफगानिस्तान की टीम के भारत ए के समान चार अंक हैं लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण वह शीर्ष पर है। पहले मैच में भारत ए के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली भारत बी की टीम अंतिम स्थान पर है जिसे अपने अंकों का खाता खुलने का इंतजार है।

# रबाडा का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध, किसी के बाहर रहने से फर्क नहीं



### –जो भी उतरेगा उसे अपनी भूमिका पता है

**मुम्बई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा अभी तक अपनी पसलियों की चोट से नहीं उबरें हैं और ऐसे में उनका गुवाहाटी में भारत के खिलाफ 22 नवंबर से होने वाले दूसरे टेस्ट में खेलना तय नहीं है। रबाडा का कहना है कि वह या कोई अन्य खिलाड़ी बाहर भी बैठता है तो भी उनकी टीम की जीत की संभावनएं कम नहीं होती। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसमें जो भी खेलेगा वह टीम को जीत दिलाएगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी टीम की असफलताओं से उबरने और किसी भी खिलाड़ी के नहीं खेल पाने के बाद भी जीत की रहा तलाशने की क्षमताओं से बेहद प्रभावित हैं। दक्षिण अफ्रीका ने उनके बिन भी पहले टेस्ट में में भारतीय टीम के के खिलाफ जीत दर्ज की थी। टीम की गेंदबाजी भी कहीं से कमजोर नहीं थी।


रबाडा ने एक वीडियो में कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन बाहर बैठता है, हम तब भी जीतने का एक तरीका तलाश लेते हैं। कप्तान तेम्बा बावुमा ने पहले मैच में हमारे लिए अहम योगदान दिया है पर वह प्रत्येक मैच में नहीं खेल पाए। मैं भी इस मैच में नहीं खेल पाया था।' दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले बावुमा के बिना भी पाकिस्तान के खिलाफ पहला मैच गंवाने के बाद शानदार वापसी करके श्रृंखला 1-1 से बराबर कराई थी। रबाडा ने कहा, 'टीम को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई खिलाड़ी बाहर है। जो भी मैदान पर उतरेगा वह अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाएगा।

दक्षिण अफ्रीका ईडन गार्डन्स के असमान उछाल और टर्न लेने वाले विकेट पर जीत हासिल करने में सफल रहा। रबाडा ने कहा, 'कोलाकाता में पहली पारी में एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन ने हमें अच्छी शुरुआत दी। उन्होंने लय बनाई। मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया। कॉर्बिन बॉश ने भी अच्छा योगदान दिया।

रबाडा ने कहा कि कोलकाता में कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मिली जीत इस सत्र में दक्षिण अफ्रीका की सर्वश्रेष्ठ तीन जीत में शामिल है। उन्होंने कहा, 'यह जीत निश्चित रूप से शीर्ष पर है।'

# बीसीसीआई ने ईडन गार्डन में आदर्श पिच बनाने को कहा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोलकाता में हुए पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान की पिच की आलोचना से सबक लेते हुए गुवाहाटी में एक आदर्श पिच बनाने के निर्देश दिये हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच 2 नवंबर से बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। बारसापारा में लाल मिट्टी की पिच रहेगी। वहीं कोलकाता में काली मिट्टी की पिच थी। लाल मिट्टी की



पिचें लगातार उछाल देती हैं और जल्दी टूटती नहीं हैं। इससे साफ है कि इस पिच पर बाद में स्पिनरों को लाभ होगा। बीसीसीआई ने गुवाहाटी के मुख्य क्यूरेटर आशीष भौमिक को किस प्रकार की पिच बनानी है। इसकी जानकारी दे दी है। बोर्ड नहीं चाहता कि पहली बार टेस्ट का आयोजन कर रहे गुवाहाटी के साथ 'रैंक टर्नर' का तमगा जुड़ जाये। यही कारण है कि दूसरे टेस्ट में पिच से गति और उछाल मिलने की उम्मीद की जा रही है। अगर गेंद स्पिन भी करती है, तो भी वह गति और उछाल के साथ होगी। इससे बल्लेबाजों के लिए खेलना आसान रहेगा। बीसीसीआई यह भी पक्का करना चाहता है कि पहले दिन से ही पिच में असमान उछाल न हो। ये सभी जानते हैं कि भारत में पिचें टूटती हैं और बल्लेबाज़ों को अनियमित उछाल के कारण परेशानी होती है। अब बोर्ड गुवाहाटी में कोलकाता जैसे हालात नहीं चाहता है। बरसापारा की पिच लाल मिट्टी से बनी है, जिससे तेज़ गति और उछाल मिलने की संभावना अधिक होती है। भारतीय टीम ने घरेलू सत्र से पहले ही अपनी माँगें स्पष्ट कर दी थीं। इसलिए, अगर पिच से उछाल मिलता है, तो वह तेज़ गति और उछाल के साथ घूमेगी। वहीं क्यूरेटर यह तय करने का प्रयास कर रहे हैं कि कोई ख़ास उतार–चढ़ाव वाला उछाल न हो।

# मानसिक रूप से तरोताजा रहने में कैसे मिलती है मदद, शार्दुल ठाकुर ने बताया

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर और मुंबई के कप्तान शार्दुल ठाकुर ने बुधवार को कहा कि घरेलू सत्र के दौरान लाल गेंद के मैचों के बीच कुछ सीमित ओवरों के मैच खेलने से खिलाड़ियों को मानसिक रूप से तरोताजा रहने में मदद मिलती है। शारदुल ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा कार्यक्रम की भी सराहना की जो लगातार दूसरे सत्र में दो चरण में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने पहले इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता के व्यस्त कार्यक्रम की आलोचना की थी जिसमें मैचों के बीच केवल तीन दिन का अंतराल होता था।

शारदुल ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई की पुडुचेरी पर पारी और 122 रन की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, 'इस पर हमेशा मिश्रित राय होगी लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। लगातार दस मैच खेलना शरीर के लिए कठिन होता है।' उन्होंने कहा, 'हमने यह भी देखा है कि ब्रिटेन में कार्यक्रम कैसा होता है। वे लगातार सात या आठ प्रथम श्रेणी मैच खेलते हैं और फिर ब्रेक के बाद खेलते हैं। वे बीच में कुछ सीमित ओवरों के मैच भी रखते हैं जिससे कि सभी मानसिक रूप से तरोताजा रहें।'

शारदुल ने कहा, 'वरना आप तीन महीने तक सिर्फ एक ही प्रारूप खेलते हैं और फिर अचानक सीमित ओवरों का क्रिकेट और फिर लाल गेंद का क्रिकेट पीछे छूट जाता है। इसलिए यह अच्छा है कि हम पांच मैच खेल रहे हैं और हमें थोड़ा ब्रेक मिल रहा है। फिर हम सीमित ओवरों का टूर्नामेंट खेलेंगे और फिर से लाल गेंद के क्रिकेट में उतरते हैं। इस तरह सभी लय में रहते हैं। वे दोनों प्रारूप के लिए मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहते हैं।'

आईपीएल 2026 से पहले मुंबई इंडियन्स से जुड़ने पर शारदुल ने कहा कि यह काफी समय से लंबित था। उन्होंने कहा, 'हर कोई अपने घरेलू स्थल और घरेलू मैदान पर खेलना पसंद करता है। मुझे लगता है कि यह कई वर्षों से लंबित था। लेकिन जब समय आएगा तभी यह संभव होगा। मुझे लगता है कि आखिरकार समय आ गया है।'



## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मिला-जुला असर




**नई दिल्ली** सरकारी तेल कंपनियों ने बुधवार सुबह देशभर में पेट्रोल और डीजल के नए रेट घोषित किए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 60.65 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जिससे भारतीय फ्यूल सेक्टर पर दबाव बढ़ा है। नोएडा में पेट्रोल 25 पैसे और डीजल 28 पैसे महंगा हुआ। वहीं, गाजियाबाद में पेट्रोल 45 पैसे और डीजल 52 पैसे सस्ता हुआ। गुरुग्राम में पेट्रोल 27 पैसे और डीजल 25 पैसे कम हुआ। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में पिछले दिनों से पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। अप्रैल 2023 में टैक्स ढांचे में बदलाव के बाद से इन शहरों में लंबी स्थिरता कायम है।

## बजाज ऑटो ने केटीएम में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया




**नई दिल्ली** बजाज ऑटो लिमिटेड ने ऑस्ट्रिया की मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी केटीएम में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है। यह अधिग्रहण 80 करोड़ यूरो का है और सभी यूरोपीय नियामकों की मंजूरी मिलने के बाद पूरा हुआ। अधिग्रहण के तहत बजाज ऑटो की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बीएआईएच ने पीबीएजी के सभी 50,100 शेयर खरीद लिए हैं। पीबीएजी का नाम बदलकर बजाज आटो इंटरनेशनल हो ल्डिंग एजी कर दिया गया है, जबकि केटीएम की होल्डिंग कंपनी पीएमएजी का नाम बदलकर बजाज मो बि लटी एजी किया गया है। अब पीबीएजी, बीएआईएच की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। इस सौदे के लिए कुल नौ नियामक मंजूरियों की आवश्यकता थी, जिनमें से आठ मंजूर हो चुकी थीं।

## सैमसंग इंडिया की परिचालन आय एक लाख करोड़ के पार




**नई दिल्ली** सैमसंग इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में परिचालन आय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 1.11 लाख करोड़ कर दी। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में इसकी परिचालन आय 99,541.6 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने आरओसी को दी गई जानकारी में बताया कि परिचालन आय ने पहली बार एक लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। कंपनी की कुल आय जिसमें अन्य आय शामिल है, पहले ही वित्त वर्ष 2023-24 में 1,06,283 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मोबाइल फोन व्यवसाय सैमसंग इंडिया की कुल आय में सबसे बड़ा योगदान देता है। कंपनी टैबलेट, टेलीविजन, घरेलू उपकरण और कंप्यूटर जैसे क्षेत्रों में भी सक्रिय है। सैमसंग इंडिया ही उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की एकमात्र कंपनी है, जिसका कारोबार 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक है। एप्पल इंडिया का राजस्व 2024-25 में 18 फीसदी बढ़कर 79,378 करोड़ रुपए और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स का 24,630.63 करोड़ रुपए रहा, जबकि उनका आकार सैमसंग से काफी छोटा है।

# टेक्नो क्लीन एयर के शेयर 27 फीसदी प्रीमियम पर लिस्ट

निवेशकों को हर शेयर पर 108 रुपए का फायदा

**नई दिल्ली**

गाड़ियों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी टेक्नो क्लीन एयर ने बुधवार को शेयर बाजार में दमदार एंट्री की। कंपनी का शेयर इश्यू प्राइस 397 रुपए के मुकाबले 27 फीसदी प्रीमियम के साथ एनएसई पर 505 रुपए और बीएसई पर 498 रुपए प्रति शेयर के भाव पर लिस्ट हुआ। मजबूत डेब्यू की वजह से रिटेल निवेशकों को हर शेयर पर करीब 108 रुपए का लाभ मिला, जबकि एक लॉट में यह मुनाफ़ा लगभग 3,996 रुपए तक पहुंच गया। कंपनी का यह बहुप्रतीक्षित आईपीओ 12 नवंबर को खुला और 14 नवंबर को बंद हुआ था। कुल 3,600 करोड़ रुपए के इस इश्यू में लगभग 9.07 करोड़ शेयरों की बिक्री की पेशकश की गई थी। यह पूरा आईपीओ ऑफर फॉर सेल के तहत था, यानी इस इश्यू से कंपनी को कोई नया पूंजी निवेश प्राप्त नहीं हुआ। मौजूदा शेयरधारकों ने ही अपने हिस्से की हिस्सेदारी बाजार में बेची।




बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनी की वैश्विक उपस्थिति, मजबूत ग्राहक आधार और ऑटो कंपोनेंट सेक्टर में बढ़ती मांग के चलते निवेशकों ने इस इश्यू में खास रुचि दिखाई। लिस्टिंग के पहले दिन ही मिले शानदार रिटर्न ने निवेशकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। यदि बाजार में यह सकारात्मक धारणा बनी रहती है, तो आने वाले दिनों में शेयर और मजबूती दिखा सकता है।

## दिल्ली का खान मार्केट वैश्विक महंगे खुदरा स्थानों की सूची में गिरा

अब वैश्विक महंगे खुदरा क्षेत्रों की सूची में 24वें स्थान पर



**नई दिल्ली** दिल्ली का पॉश इलाका खान मार्केट अब वैश्विक महंगे खुदरा क्षेत्रों की सूची में 24वें स्थान पर आ गया है। पिछले साल यह 23वें स्थान पर था। यहां वार्षिक किराया 223 डॉलर प्रति वर्ग फुट है। एक रिपोर्ट के अनुसार लंदन का न्यू बॉन्ड स्ट्रीट दुनिया का सबसे महंगा खुदरा इलाका बन गया है, जहां किराया 2,231 डॉलर प्रति वर्ग फुट है। मिलान का वाया मोंटे नेपोलियन अब दूसरा सबसे महंगा क्षेत्र है। हांगकांग का सिम शा त्सुई चौथे स्थान पर है। इसके बाद पेरिस, टोक्यो, ज्यूरिख, सिडनी, सियोल और वियना के प्रमुख खुदरा इलाके शामिल हैं। गुरुग्राम के गैलेरिया मार्केट में किराया 25 फीसदी बढ़ा। नई दिल्ली के कनॉट प्लेस और मुंबई के केम्प्स कॉर्नर में क्रमशः 14 और 10 फीसदी की वृद्धि हुई।

## डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए भारत में लांच होगा आईडीपीआईसी



बैंकिंग सुरक्षा में आएगा बड़ा बदलाव


**नई दिल्ली** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) जैसी भूमिका निभाने वाली नई संस्था भारतीय डिजिटल भुगतान इंटेलिजेंस निगम (आईडीपीआईसी) देश में डिजिटल भुगतान परिदृश्य बदलने जा रही है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक अे धिकारी मुंबई में सीआईआई कार्यक्रम में कहा कि यह संस्था बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच रीयल-टाइम खुफिया जानकारी साझा कर ग्राहकों को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाएगी। आईडीपीआईसी में सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंक इक्विटी हिस्सेदारी खरीदेंगे, जिसकी अधिकृत पूंजी 500 करोड़ और चुकता पूंजी 200 करोड़ रुपए होगी। परियोजना को भारतीय रिज़र्व बैंक ने मंजूरी दे दी है। आईडीपीआईसी के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म से छोटे व्यवसायों और एमएसएमई के लिए डेटा-आधारित रीयल-टाइम ऋण स्वीकृति संभव होगी। अे धिकारी ने बताया कि एसबीआई ने एमएसएमई ऋण के लिए बिजनेस रूल इंजन शुरू किया है, जो जीएसटी, आईटी रिटर्न और बैंक खाते के डेटा को एकीकृत कर 10-15 मिनट में ऋण स्वीकृति प्रदान करता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 513, निफ्टी 142 अंक उछला

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 513.45 अंक बढ़कर 85,186.47 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 142.60 अंक ऊपर आकर 26,052.65 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों में तेजी से भी बाजार को बल मिला। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.97 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.16 फीसदी , निफ्टी कंजप्शन 0.40 फीसदी और निफ्टी हेल्थकेयर 0.48 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी एनर्जी 0.25 फीसदी , निफ्टी कमोडिटीज 0.38 फीसदी और निफ्टी पीएसई 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 127.05 अंक की बढ़त के साथ 60,949.05 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.80 अंक नीचे आकर 18,075.95 पर रहा था।




सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, टीसीएस, एचयूएल, सन फार्मा, टाइटन, एसबीआई, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, एमएंडएम, कोटक महिंद्रा, बीईएल, भारती एयरटेल, एलएंडटी, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक और पावर ग्रिड के शेयर लाभ में रहे जबकि मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी और आईटीसी, ट्रेंट के शेयर नुकसान में रहे थे। जानकारों के अनुसार भारत-अमेरिका ट्रेड डील से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। फेड की ओर से ब्याज दरों में कमी की संभावना से भी आईटी शेयरों में तेजी रही है।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 261.59 अंक की तेजी के साथ 84,934.61 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी50 52.15 अंक की बढ़त के साथ 25,962.20 के लेवल पर आ गया। एशिया के बाजारों में भी मिलाजुला रुख देखने को मिला। जापान का निक्केई 0.67 फीसदी बढ़ा, चीन का सीएसई300 0.38 फीसदी की बढ़त के साथ खुला, हांगकांग का हैंग सेंग 0.09 फीसदी ऊपर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.46 फीसदी गिर गया। बीते दिन अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट रही।

# अमेरिका से 2.2 एमटी एलपीजी आयात करेगा भारत

ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की बड़ी पहल घर-घर पहुंचेगी किफायती गैस

**नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका के साथ 2.2 मिलियन टन (एमटी) एलपीजी के लिए अपनी पहली दीर्घकालिक टर्म डील की है। यह समझौता वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। 2026 से लागू होने वाले इस करार के तहत देश की सरकारी तेल कंपनियां (ओएमसी) कुल एलपीजी आपूर्ति का लगभग 10 फीसदी अमेरिका से आयात करेंगी। अभी तक भारत का अमेरिका के साथ एलपीजी क्षेत्र में कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था। भारत अपनी घरेलू एलपीजी जरूरतों का लगभग 60 फीसदी आयात पर निर्भर है। वर्तमान में 90 फीसदी तक एलपीजी संयुक्त अरब अमीरात, कतर, सऊदी अरब और कुवैत जैसे पश्चिम एशियाई देशों से आती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका से आयात बढ़ने से भारत को सप्लाई स्रोतों में विविधता मिलेगी और पश्चिम एशिया पर निर्भरता में कमी आएगी। यह कदम विशेष रूप से तब महत्वपूर्ण है जब हाल ही में ईरान-इज़राइल तनाव के कारण होर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद होने का खतरा पैदा हो गया था, जिससे भारत की आपूर्ति बाधित हो सकती थी।



आईसीआरए के एक वे रिष्ठ अे धिकारी के अनुसार अमेरिका प्राकृतिक गैस तरल पदार्थों का बड़ा उत्पादक है और यह निर्णय भारत की दीर्घकालिक आपूर्ति सुरक्षा के अनुरूप है।

## जियो ने पेश किया जियो जेमिनी प्रो प्लान

गूगल का नवीनतम जेमिनी-3 मॉडल 18 महीने तक मुफ्त

**नई दिल्ली** जियो ने अपनी कृत्रिम मेधा (एआई) पेशकश को और मजबूत करते हुए नया जियो जेमिनी प्रो प्लान लॉन्च किया है। इस प्लान के तहत गूगल का नवीनतम जेमिनी-3 मॉडल अब जियो के अनलिमिटेड 5जी डेटा प्लान ग्राहकों के लिए 18 महीने तक मुफ्त उपलब्ध होगा। जियो के अनुसार यह ऑफर माइजियो ऐप पर जाकर अभी दावा करें विकल्प के माध्यम से तुरंत सक्रिय किया जा सकता है। जियो जेमिनी प्रो प्लान की कीमत बाजार में 35,100 रुपए है। हालांकि, सभी पात्र जियो अनलिमिटेड 5जी ग्राहक इसे 18 महीने तक मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं। कंपनी ने इसे साल की सबसे बड़ी एआई छूट करार दिया है, जो ग्राहकों को गूगल के उन्नत एआई मॉडल का अनुभव देने का अवसर प्रदान करता है। गूगल ने जेमिनी-3 को अपने सबसे प्रबल मॉडल के रूप में पेश किया है। यह मॉडल उन्नत तर्कशक्ति, गहराई से विश्लेषण और सूक्ष्मताओं को समझने की क्षमता के लिए विकसित किया गया है। जेमिनी-3 अब एआई स्टूडियो, वर्टेक्स एआई और डेवलपर्स के लिए जेमिनी ऐप तथा नए एजेंटिक डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

# टीआईए मंच आयातकों, निर्यातकों, स्टार्टअप को देगा नई जानकारियां : गोयल




व्यवसायियों को नए बाजारों और निर्यात अवसरों की पहचान करने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ट्रेड इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स (टीआईए) मंच की शुरुआत की। इस मंच का उद्देश्य भारत के आयातक, निर्यातक, स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को व्यापार संबंधी नवीनतम जानकारियां उपलब्ध कराना है। मंत्री ने कहा कि यह मंच निर्यातकों को भारत द्वारा अब तक किए गए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की गहन जानकारी देगा। इससे व्यवसायियों को नए बाजारों और निर्यात अवसरों की पहचान करने में मदद मिलेगी। वाणिज्य विभाग द्वारा विकसित यह मंच विभिन्न वैश्विक और राष्ट्रीय डेटाबेस को एकीकृत विश्लेषणात्मक मॉडल में जोड़ता है। मंच 270 से अधिक प्रकार के विश्लेषण प्रदान करता है, जिसमें बाजार अनुसंधान, क्षेत्रीय व्यापार विश्लेषण, प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति और निर्यात अवसर शामिल हैं। टीआईए प्लेटफॉर्म व्यापारियों को वास्तविक समय में इंटरैक्टिव डेटा प्रदान करता है।

इसमें पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) योजनाओं और महत्वपूर्ण खनिजों से संबंधित विनिर्माण क्षेत्रों के लिए स्वचालित रिपोर्ट शामिल हैं। यह व्यापार प्रवृत्तियों पर लगातार नजर रखने में सक्षम है।

वाणिज्य विभाग के कि आर्थिक सलाहकार ने कहा कि मंच को हितधारकों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है और उनके सुझावों के आधार पर इसे और विकसित किया जाएगा।

टीआईए एक केंद्रीकृत डिजिटल हब के रूप में कार्य करता है, जो वैश्विकऔर द्विपक्षीय डेटाबेस को एकीकृत प्रणाली में समेकित करता है। इस मंच से छोटे और बड़े व्यवसायों को रणनीतिक और डेटा-आधारित निर्णय लेने में आसानी होगी, जिससे भारतीय व्यापार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की संभावना है।

# रेलवे की नई नीति से सीमेंट सस्ता, घर बनाना हुआ आसान

सीमेंट की कीमतों में 30 से 50 रुपए तक हो सकती है कमी

**नई दिल्ली**

रेलवे ने सीमेंट ढुलाई का किराया घटाकर 90 पैसे प्रति टन प्रति किलोमीटर कर दिया है। इससे पुरानी वेट और डिस्टेंस स्लैब प्रणाली खत्म हो गई है, जो जटिल और महंगी थी। नई प्रणाली ग्रॉस टन किलोमीटर के हिसाब से काम करेगी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इससे सीमेंट की कीमतों में 30 से 50 रुपये तक कमी हो सकती है। सीमेंट के लिए 20 फीट लंबे, 8 गुणित 8.5 फीट आयाम वाले कंटेनर बनाए जाएंगे। प्रत्येक कंटेनर की क्षमता 26 टन (ग्रॉस 31 टन) होगी और लोड-अनलोडिंग में सिर्फ 25-30 मिनट लगेंगे। यह कंटेनर पॉल्यूशन फ्री होंगे और सीधे रेलवे और रोड तक आसानी से पहुंच सकेंगे। रेलवे शहरों के पास बल्क सीमेंट टर्मिनल बनाएगा। इन टर्मिनलों में ऑटोमैटिक लोडिंग-अनलोडिंग सिस्टम होगा। प्राइवेट कंपनियां या सीमेंट कंपनियां इन टर्मिनलों का निर्माण और संचालन कर सकेंगी। इससे कंटेनर मूवमेंट आसान होगा और समय व लागत की बचत होगी। नई नीति के तहत सीमेंट अब बोरियों में नहीं, बल्कि सीधे कंटेनर में भरा जाएगा। इससे



लागत कम होगी, प्रदूषण घटेगा और सीमेंट खराब होने की घटनाएं कम होंगी। सड़क मार्ग की तुलना में रेल मार्ग अधिक किफायती और पर्यावरण-अनुकूल साबित होगा।

# कई नए मॉडल बाजार में उतारेगी रॉयल एनफील्ड




**नई दिल्ली**

महंगी बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड कंपनी मिडलवेट मोटरसाइकिल और इलेक्ट्रिक सेगमेंट में अपनी पकड़ को मजबूत करना चाहती है। 2025 के अंत से 2027 की शुरुआत तक बुलेट 650, हिमालयन 750 और फ्लाइंग फ्ली इलेक्ट्रिक सीरीज़ जैसे कई नए मॉडल बाजार में उतारे जाएंगे। बुलेट 650 को ईआईसीएमए 2025 में प्रदर्शित किया गया था और इसे अब तक की सबसे शक्तिशाली बुलेट माना जा रहा है। इसमें 647.95सीसी का पैरेलल-ट्विन इंजन दिया गया है, जो 47 बीएचपी की पावर और 52.3 एनएम टॉर्क उत्पन्न करता है। इसका डिज़ाइन क्लासिक बुलेट की पहचान को बरकरार रखते हुए आधुनिक परफॉर्मेंस के साथ अपग्रेड किया गया है।

कंपनी इसे भारत में अपने फ्लैगशिप मॉडल के रूप में लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। हिमालयन 750 को एडवेंचर बाजार में प्रीमियम विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें 750सीसी का ऑयल-कूल्ड ट्विन इंजन मिलने की उम्मीद है, जो लगभग 50एचपी की पावर और 60एनएम का टॉर्क दे सकता है।

नया चेसिस, एडजस्टेबल सस्पेंशन और डिजिटल क्लस्टर जैसे फीचर्स इसे ग्लोबल एडीवी सेगमेंट के लिए तैयार बनाते हैं। इसका प्रोडक्शन वर्जन 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में लॉन्च हो सकता है।

इलेक्ट्रिक सेगमेंट में रॉयल एनफील्ड फ्लाइंग फ्ली सीरीज़ उतारेगी। इसका पहला मॉडल फ्लाइंग फ्ली सी 6 होगा, जिसकी लॉन्चिंग 2025-26 की चौथी तिमाही में तय है।

# खामिया मिलने पर ग्रैंड विटारा की 39,506 यूनिट्स रिकॉल




**नई दिल्ली**

कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी ने अपनी लोकप्रिय मिड-एसयूवी ग्रैंड विटारा की 39,506 यूनिट्स को रिकॉल किया है। मारुति सुजुकी कंपनी ने जानकारी दी है कि इन गाड़ियों में फ्यूल लेवल इंडिकेटर और वार्निंग लाइट से जुड़े यांत्रिक दोष पाए गए हैं, जिसके कारण ड्राइवर को यह सही ढंग से पता नहीं चल पाएगा कि टैंक में ईंधन कितना बचा है। यह खामी ड्राइविंग के दौरान खतरा पैदा कर सकती है, क्योंकि गलत जानकारी मिलने से वाहन अचानक फ्यूल-आउट स्थिति में पहुंच सकता है। यह समस्या उन मॉडलों में पाई गई है जो 9 दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच निर्मित हुए थे।

मारुति के अनुसार, स्पीडोमीटर असेंबली में मौजूद एक पार्ट सही तरह से कार्य नहीं कर रहा है, जिसकी वजह से फ्यूल वार्निंग लाइट और इंडिकेटर गलत संकेत दे सकते हैं। इस तकनीकी गड़बड़ी को गंभीर मानते हुए कंपनी ने त्वरित कार्रवाई की है। प्रभावित ग्राहकों से मारुति सुजुकी सीधे संपर्क करेगी और उन्हें नजदीकी अधिकृत वर्कशॉप में फ्री इंस्पेक्शन के लिए बुलाया जाएगा। कंपनी दोषपूर्ण हिस्से को बिना किसी शुल्क के रिप्लेस करेगी। यह कदम दर्शाता है कि मारुति अपने ग्राहकों की सुरक्षा और भरोसे को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। रिकॉल के बावजूद ग्रैंड विटारा की बाजार में लोकप्रियता बरकरार है।

केवल 32 महीनों में इसकी तीन लाख से अधिक यूनिट्स बिक चुकी हैं, वहीं इसके हाइब्रिड वेरिएंट की एफवाय24-25 में बिक्री 43 प्रतिशत बढ़ी है। मारुति का मानना है कि भारतीय उपभोक्ता अब ज्यादा फ्यूल-इफिशिएंट और पर्यावरण अनुकूल तकनीक की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने हाल ही में 'ड्रीवेन बाय टेक' टीवी कैंपेन भी लॉन्च किया है।



# दिल्ली क्राइम सीजन-3 में बड़ी दीदी का किरदार निभाना चैलेंजिंग

दिल्ली क्राइम सीजन-3 और महारानी-4 से ओटीटी पर तहलका मचाने वाली हुमा कुरैशी हर तरफ छाई हुई हैं। दोनों ही सीरीज को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और अब एक्ट्रेस ने दिल्ली क्राइम सीजन-3 को लेकर खुलकर बात की है और साथ ही इस बात पर भी जोर दिया है कि सिनेमा में हर तरह की फिल्में बननी चाहिए, चाहे वे छोटी हो या बड़ी। हुमा कुरैशी ने आईएएनएस से बातचीत में बड़ी और छोटी दोनों तरह की फिल्में बनाने पर जोर दिया। हुमा ने कहा, हिंदी सिनेमा के लिए हमेशा बड़ी फिल्में ही जरूरी नहीं हैं, इतनी ही जरूरत छोटी और कम बजट वाली फिल्मों की भी है, और ऐसे कार्यक्रम उन सभी स्टार्स, निर्देशकों, और एक्टर्स को प्लेटफॉर्म देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमें अच्छी फिल्में बनानी होंगी। हमें ऑडियंस को देखकर अलग-अलग तरह की फिल्में बनानी होंगी। बार-बार एक तरह की फिल्म बनाने से नहीं होगा। बड़ी फिल्में और छोटी फिल्में दोनों को बराबर अहमियत देने की जरूरत है। दिल्ली क्राइम सीजन-3 में अपने निगेटिव रोल पर बात करते हुए हुमा ने कहा, मैंने पहली बार जिंदगी में इतना निगेटिव रोल प्ले किया है। जब पहली बार मुझे कॉल आया, तो मुझे लगा कि कॉप के किरदार के लिए फोन किया होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं, आपको निगेटिव रोल करना होगा। ये रोल मेरे लिए प्ले करना मुश्किल था, लेकिन मजा भी आया। उस वक्त में महारानी-4 की शूटिंग भी कर रही थी। मेरे लिए एक ही समय पर दो तरह के अलग रोल प्ले करना आसान नहीं था।

बता दें कि दिल्ली क्राइम सीजन 3 में हुमा कुरैशी ने एक दीदी का रोल प्ले किया है, जो छोटी बच्चियों की तस्करी करती है। सीरीज इस बार बस दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार विदेश तक फैले हैं। दिल्ली क्राइम सीजन-3 14 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, जबकि महारानी का नया सीजन 7 नवंबर को रिलीज हो गई थी। सीरीज को ऐसे मौके पर रिलीज किया गया, जब बिहार में जनता नई सरकार चुनने की तैयारी में थी। महारानी-4 बिहार की राजनीति पर बनी सीरीज है, जिसके शुरुआती तीन सीजन जबरदस्त रहे हैं। चौथे सीजन में कहानी को आगे बढ़ाते हुए इस बार पीएम पद की लड़ाई देखने को मिली है।



# बॉलीवुड में सब बस अपना फायदा देखते हैं, यहां कोई किसी के लिए नहीं लड़ता

सयानी गुप्ता इन दिनों चर्चित वेब सीरीज दिल्ली क्राइम 3 को लेकर चर्चा में हैं। लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित इस सीरीज में वो नेगेटिव रोल में हैं। उन्होंने बताया कि ने देखा कि कुछ असिस्टेंट डायरेक्टर्स रात के डेढ़ बजे फुटपाथ पर बैठकर कैब की राह देख रही थीं। जॉली एलएलबी 2, फोर मोर शॉट्स प्लीज, पगलैट जैसी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रहीं ऐक्ट्रेस सयानी गुप्ता इन दिनों चर्चित वेब सीरीज दिल्ली क्राइम 3 को लेकर चर्चा में हैं। लड़कियों की तस्करी के मुद्दे पर आधारित इस सीरीज में सयानी नेगेटिव भूमिका निभा रही हैं।

## किसी को तो विलन बनना पड़ेगा

खुद एक फेमिनिस्ट होने के बावजूद सीरीज में बच्चियों के साथ हिंसा करने जैसे सीन करने को लेकर सयानी कहती हैं, हम ऐक्टर हैं और ऐक्टर होने के नाते आप हर तरह का रोल करना चाहते हैं। किसी को तो विलन बनना पड़ेगा। किसी को तो बुरे इंसान का रोल भी करना पड़ेगा और कन्विंसिंग तरीके से करना होगा। मैंने अपने 14 साल के करियर में दूसरी बार बुरे इंसान का रोल किया है और मुझे बहुत मजा आया क्योंकि मैं इसमें बहुत ही बदमाश हूं, जबकि असल जिंदगी में बिल्कुल भी बदमाश नहीं हूं। पर्सनली मुझे हिंसा से नफरत है, मैं ट्रिगर हो जाती हूं, पर इसमें मारपीट करने, गंदी-गंदी भाषा में गाली देने में बहुत मजा आया, क्योंकि जो आप नहीं रियल में नहीं कर सकते, वह ऐक्टर के तौर पर करने में भी एक मजा है। फिर, देखा जाए तो कोई भी इंसान पूरी तरह अच्छा या बुरा नहीं होता। शो में ही मेरे किरदार कुसुम की बात करें तो वह खुद दबाई गई है, इसलिए क्रूर बन गई है।

## वो मुद्दे परेशान करते हैं वो दिखाना पसंद

लेकिन क्या लड़कियों की बेबसी का फायदा उठाने, उनकी सौदेबाजी जैसे सीन उन्हें झकझोरते या परेशान करते हैं? इस पर उन्होंने कहा, मुझे असल में उल्टा लगता है कि हम ऐक्टर्स के पास ये हथियार है कि जो चीजें या मुद्दे हमें परेशान करते हैं, उनको दिखाकर हम लोगों को सोचने पर मजबूर कर सकते हैं। मतलब, जो मुद्दे मुझे परेशान करते हैं या सोच में डालते हैं, मैं उन कहानियों का हिस्सा जरूर बनना चाहूंगी, क्योंकि अगर हम किसी फिल्म या शो के जरिए उसे मेनस्ट्रीम में ला पाएं और उस पर चर्चा हो तो इससे बेहतर क्या होगा। वे लड़कियां इतनी रात में घर कैसे जाएंगी। मुझे लगता है कि हम ऐक्टर उस जगह पर हैं जहां उन लोगों के लिए बोल सकते हैं, जिनकी नहीं सुनी जाती तो आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।

## हमारे यहां कोई दूसरे के लिए नहीं लड़ता

सयानी को फिल्म सेट पर टीम संग गैरबराबरी से जुड़ी कई चीजें भी परेशान करती हैं। शूटिंग की शिफ्ट तय होने की चर्चा छिड़ने पर वह बेबाकी से कहती हैं, हमारे यहां ऐक्टर की मजबूत यूनियन ही नहीं है। जैसे हॉलिवुड में एआई को लेकर इतनी बड़ी हड़ताल हुई। पूरी इंडस्ट्री के ऐक्टर, डायरेक्टर वो चाहे कितने भी अनुभवी या नए थे, हर कोई साथ आया, काम बंद किया। हमारे यहां ऐसा नहीं है। यहां सब अपना-अपना सोचते है। कोई किसी के लिए नहीं लड़ता। हम भारतीयों की सोच यही है कि हमारा काम नहीं जाए। मैं क्यों लड़ूं, यहां हर कोई ओवरटाइम करता है जिसका उन्हें कोई एक्स्ट्रा पैसा नहीं मिलता। देखिए, बतौर ऐक्टर मैं 20 घंटे भी काम हुआ तो करूंगी, पर जो लाइटमैन सबसे पहले आता है और सबसे बाद में जाता है और वो ट्रेन से जाएगा। उसके पास गाड़ी नहीं है। ऐसे सैकड़ों लोग सेट पर होते हैं, जिनके लिए बेसिक सुविधाएं नहीं होतीं।



# ब्रेक के बाद निर्देशक दानिश असलम की फिल्म से वापसी करेंगे इमरान खान

**आमिर खान के भांजे और अभिनेता इमरान खान 10 साल बाद फिल्मों में वापसी कर रहे हैं। वह अपने पुराने दोस्त और निर्देशक दानिश असलम के साथ एक नई फिल्म बना रहे हैं, जिनके साथ उन्होंने 15 साल पहले ब्रेक के बाद बनाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान ने अपनी वापसी और इस फिल्म के बारे में खुलकर बात की।**

इमरान ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी आगामी फिल्म ब्रेक के बाद की तरह ही है। उन्होंने कहा, यह फिल्म मेरे और दानिश के जीवन के अनुभवों से बनी है। दानिश की शादी हो चुकी है, और मेरा तलाक हो गया है। यह एक निजी प्रोजेक्ट है, जो दोस्तों के साथ मिलकर कहानी कहने की इच्छा से शुरू हुआ। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और यह पोस्ट-प्रोडक्शन में है। जल्द ही स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज डेट की घोषणा होगी।

## ब्रेक के बाद की कहानी

इमरान ने बताया कि उन्होंने पहले ब्रेक के बाद फिल्म के लिए मना कर दिया था। उस समय वह आई हेट लव स्टोरीज की शूटिंग कर रहे थे। दानिश ने उन्हें कहानी सुनाने की कोशिश की, लेकिन इमरान को कहानी सुनना पसंद नहीं था, इसलिए उन्होंने मना कर दिया। बाद में एक पार्टी में दानिश से मुलाकात हुई और उनकी बातचीत से इमरान का मन बदल गया। दानिश ने उन्हें स्क्रिप्ट भेजी, जो इमरान को पसंद आई, और फिर उन्होंने फिल्म की शूटिंग शुरू की।

## इमरान का करियर

आखिरी बार इमरान 2015 में फिल्म कट्टी बट्टी में नजर आए थे। इस फिल्म के बाद उन्होंने अभिनय छोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें मिलने वाले किरदार पसंद नहीं आ रहे थे। अब वह वापसी कर रहे हैं, लेकिन वह अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर बहुत सावधानी बरत रहे हैं।

# मां वंदे में पीएम मोदी की मां का किरदार निभाएंगी रवीना



रवीना टंडन हमेशा अपने दमदार और संवेदनशील अभिनय के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में फिल्म पटना शुक्ला और लॉयर में उनके प्रदर्शन को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब खबर है कि रवीना एक और महत्वपूर्ण किरदार निभाने जा रही हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक मां वंदे का हिस्सा बन गई हैं। इस फिल्म में रवीना, प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन मोदी की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन क्रांति कुमार करेंगे, जबकि दक्षिण भारतीय अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक... रवीना इस किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हैं। वह हमेशा से हीराबेन की सादगी, संघर्ष और कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक रहने की क्षमता की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र ने बताया कि यह फिल्म मां-बेटे के रिश्ते पर बेस्ड भावनात्मक फिल्म होगी। इसमें हीराबेन के त्याग, उनकी दृढ़ता और मोदी के जीवन में उनके योगदान को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। रवीना, हीराबेन के जीवन की इन्हीं बातों से प्रभावित होकर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं। साउथ इंडस्ट्री के एक्टर उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका में नजर आएंगे।

# लक्ष्मण उतेकर की फिल्म ईथा में दिखाई देंगे रणदीप हुड्डा



बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी नई फिल्म ईथा को लेकर चर्चा में हैं। 2024 में रिलीज हुई स्त्री 2 की बड़ी सफलता के बाद श्रद्धा अब एक बार फिर अलग अंदाज में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर कर रहे हैं, जिन्होंने पहले छावा जैसी फिल्म बनाई थी। ताजा जानकारी के अनुसार... फिल्म में श्रद्धा के साथ अभिनेता रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह पहली बार होगा जब श्रद्धा और रणदीप स्क्रीन पर दिखेंगे। दोनों के बीच लगभग 11 साल की उम्र का अंतर है। शूटिंग महीने के अंत तक मुंबई में शुरू होने वाली है। रणदीप और श्रद्धा दोनों को लेकर निर्माता बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि दोनों ही कलाकारों में गहराई और बहुमुखी प्रतिभा है, जो निर्देशक की सोच से पूरी तरह मेल खाती है।

कहानी की बात करें तो यह फिल्म एक मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की बायोपिक है। श्रद्धा इस किरदार के लिए लावणी डांस की ट्रेनिंग ले रही हैं।



# हैवान में अक्षय को चेज करते दिखेंगे सैफ

अक्षय कुमार के काम की स्पीड एक बार फिर चर्चा में है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म हैवान की शूटिंग हाल ही में मुंबई के चर्चगेट स्टेशन के पास पूरी हुई। इसमें अक्षय और सैफ अली खान ने लगातार पांच देर रातों तक शूटिंग कर फिल्म का क्लाइमेक्स सीक्वेंस कंप्लीट किया। फिल्म में बड़े पैमाने पर एक्शन सीक्वेंस शूट किए गए हैं। इस सीन में करीब 30-40 कारें और 100 जूनियर आर्टिस्ट शामिल थे, जिसे एक्शन डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने कोरियोग्राफ किया। रात के समय आउटडोर शूटिंग को लेकर प्रियदर्शन ने कहा कि... मुंबई जैसे व्यस्त शहर में इतनी बड़ी यूनिट के साथ शूट करना आसान नहीं था लेकिन अक्षय और सैफ ने बेहद प्रोफेशनल अंदाज में साथ दिया।

## मलयालम थ्रिलर ओप्पम की हिंदी रूपांतरण है ये फिल्म

दिलचस्प बात यह है कि अक्षय आमतौर पर जल्दी सोने के लिए जाने जाते हैं लेकिन उन्होंने इस लेट-नाइट शूट में पूरी तन्मयता से काम किया। फिल्म हैवान प्रियदर्शन की 2016 की मलयालम थ्रिलर ओप्पम की हिंदी रूपांतरण है। जहां मूल फिल्म में मोहनलाल ने लीड निभाया था, वहीं हिंदी वर्जन में सैफ ने एक नेत्रहीन व्यक्ति के किरदार में हैं, जिसकी सूंघने और सुनने की शक्ति बेहद तीव्र है। वे अक्षय के विलन किरदार से भिड़ते हैं।

## अगस्त में शुरू हुआ था शूट

प्रियदर्शन ने बताया... हैवान एक कॉमेडी थ्रिलर है जिसमें नायक और खलनायक के बीच चूहे-बिल्ली की पकड़म-पकड़ाई जैसे खेल चलता है। फिल्म का बड़ा हिस्सा अगस्त 2025 में शूट होना शुरू हुआ था और अब लगभग पूरा हो चुका है।

बता दें कि अक्षय ने दुबई में वेलकम टू द जंगल की शूटिंग शुरू करने से पहले अपना हिस्सा खत्म कर लिया था, जबकि सैफ के कुछ सीन्स बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में फिल्माए जा रहे हैं। प्रियदर्शन के लिए 2025 काफी प्रोडक्टिव रहा है। 69 साल की उम्र में उन्होंने भूत बंगला और हैवान जैसी दो बड़ी फिल्में पूरी की हैं। हैवान 2026 की शुरुआत में रिलीज होगी और इसे प्रियदर्शन की सबसे बड़ी हिंदी परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है।



## बैक-टू-बैक कई प्रोजेक्ट हैं अक्षय के पास

अक्षय, प्रियदर्शन की एक और कॉमेडी-हॉरर फिल्म भूत बंगला में भी दिखेंगे। इसमें उनकी जोड़ी तबु के साथ 25 साल बाद बनेगी। साथ ही परेश रावल और राजपाल यादव जैसे दिग्गज कॉमेडियन भी फिल्म में नजर आएंगे। वहीं 2027 में ही रिलीज होने वाली उनकी ओह माय गॉड फिर एक बार सामाजिक और धार्मिक पाखंड पर व्यंग्य करेगी, जिसमें अक्षय एक बार फिर गॉड के मैसेंजर बनेंगे।

वहीं 2027 साइको में आने वाली है जो एक साइकोलॉजिकल एक्शन थ्रिलर है। यह अक्षय को एक डार्क और गहन अवतार में दिखाएगी। इसके अलावा रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का अगला अध्याय सूर्यवंशी 2 है, जिसमें अक्षय, अजय देवगन और रणवीर सिंह एक साथ फिर से धमाकेदार एक्शन अवतार में लौटेंगे।

## श्रिया पिलगांवकर ने भी पूरी की फिल्म हैवान की शूटिंग

श्रिया पिलगांवकर ने भी हैवान की शूटिंग पूरी कर ली है। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा की। श्रिया ने निर्देशक प्रियदर्शन के साथ फिल्म के सेट से एक खास तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें दोनों मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े दिख रही हैं, जिस पर फिल्म का नाम हैवान लिखा है। श्रिया ने लिखा... मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक सौभाग्य रहा, जिसका नेतृत्व निर्देशक प्रियदर्शन ने किया।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in